26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 10 जनवरी, 2026

अंक- 78 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# सीएम योगी ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी

**प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में लगे माघ मेले में संगम पर स्नान किया और मां गंगा की पूजा अर्चना की। उन्होंने तीन बार आस्था की डुबकी लगाई और बाद में संगम नोज के पास सतुआ बाबा के साथ नौका की सवारी भी की।मुख्यमंत्री के साथ मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और नंद गोपाल नंदी ने भी संगम में स्नान किया। इसके बाद योगी ने संगम नोज पर गंगा पूजन किया। संगम तट के पास वे करीब 32 मिनट तक रहे। योगी ने लेटे हनुमान जी का भी दर्शन-पूजन किया फिर सतुआ बाबा के शिविर की ओर प्रस्थान किए। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ जगद्गुरु महामंडलेश्वर सतुआ बाबा के शिविर में साधु-संतों के साथ भोजन करेंगे। उसके बाद आईसीसीसी सभागार में माघ मेला की समीक्षा बैठक करेंगे। मकर संक्रांति और मौनी अमावस्या के प्रमुख स्नान पर्वों की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर



7983187749
8755001105

आपके शहर बिजनौर में पहली बार

एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ

24/7 SERVICE

परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक

आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन

उपलब्ध सुविधाएँ

- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

# जंग दुश्मन का मनोबल तोड़ने के लिए लड़ते हैं- डोभाल

## हम मनोरोगी नहीं कि शव देखकर खुशी मिले

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने युवाओं को राष्ट्र की इच्छाशक्ति और नेतृत्व की ताकत का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति को बढ़ाया जा सकता है और वही इच्छाशक्ति आगे चलकर राष्ट्रीय शक्ति बनती है। डोभाल ने कहा कि युद्ध असल में किसी राष्ट्र की इच्छा शक्ति के लिए लड़े जाते हैं। उन्होंने कहा, युद्ध किसी को मारने या विनाश का आनंद लेने के लिए नहीं लड़े जाते, बल्कि किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं, ताकि वह दूसरे की शर्तों पर झुक जाए। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में जो भी युद्ध और संघर्ष हो रहे हैं, वे इसलिए हैं क्योंकि कुछ देश अपनी इच्छा दूसरों पर थोपना चाहते हैं। यदि कोई देश इतना शक्तिशाली हो कि उसका कोई विरोध न कर सके, तो वह



हमेशा स्वतंत्र बना रहता है। लेकिन यदि किसी देश के पास संसाधन और हथियार तो हों, पर मनोबल न हो, तो सब कुछ बेकार हो जाता है। इसके लिए मजबूत नेतृत्व जरूरी है। अजित डोभाल ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि देश आज सौभाग्यशाली है कि उसके पास ऐसा नेतृत्व है, जिसने बीते 10 वर्षों में भारत को प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रतिबद्धता, मेहनत और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी बहुत बड़ी कीमत चुकाकर हासिल हुई है, जिसमें पीढ़ियों तक भारतीयों को अपमान, विनाश और भारी नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इतिहास से प्रेरणा लें, उससे शक्ति प्राप्त करें और अपने मूल्यों, अधिकारों और विश्वासों पर आधारित एक सशक्त और महान भारत के निर्माण के लिए काम करें।

# 100 से ज्यादा की रफ्तार, 16 लोगों को रौंदा

**जयपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** जयपुर में शुक्रवार रात तेज रफ्तार का खौफनाक नजारा देखने को मिला। यहां करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड में दौड़ रही एक ऑडी कार ने सड़क किनारे ऐसा तांडव मचाया कि हर तरफ अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे का CCTV वीडियो अब सामने आया है। घटना जयपुर की पत्रकार कॉलोनी स्थित खराबास सर्किल के पास की है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि तेज रफ्तार ऑडी कार पहले डिवाइडर से टकराती है और फिर बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े ठेले, थड़ियों और वाहनों को रौंदते हुए आगे बढ़ जाती है। करीब 30 मीटर तक कार कहर बनकर दौड़ती रही। इस दौरान 12 से ज्यादा ठेले और थड़ियां पलट गईं, वहीं सड़क किनारे खड़ी एक कार भी टक्कर से पलट गई। इस भीषण हादसे में कुल 16 लोग चपेट में आ गए। इनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मुहाना और पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए एसएमएस अस्पताल और जयपुरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 11 जनवरी 2026**

मेष- आशाएं फलीभूत, व्यापारिक विस्तार, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, स्थान-परिवर्तन का कार्यक्रम उपस्थित, आवागमन में अनुकूलता, जीवन साथी में सामंजस्य।

वृषभ- परिश्रम के अनुरूप सफलता, यश-मान प्रतिष्ठा में वृद्धि, आय के नवीन स्रोत, मनोरंजन में रुचि, भौतिक सुख शांति का वातावरण, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

मिथुन- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में शिथिलता, किसी योजना को लेकर चिन्तित, शत्रु सक्रिय, दाम्पत्य जीवन में तनाव, आशा के विपरीत घटनाएं घटित, प्रतिष्ठा पर आघात।

कर्क- नवयोजना साकार होने की ओर, स्वास्थ्य अनुकूल, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, सहयोगियों की गतिविधियों से प्रसन्नता, भोगविलासित की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

सिंह- साहसिक प्रयास प्रगति पर शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, यात्रा सकुशल।

कन्या- शारीरिक सुख में वृद्धि, राजनीतिक सामाजिक कृत्यों से यश की प्राप्ति, जीवन साथी से सामंजस्य, व्यावसायिक क्षेत्र में नव परिवर्तन, मनोविनोद के अवसर।

तुला- दिनचर्या अव्यवस्थित, कार्यों में असफलता की स्थिति, योजना अधूरी, प्रेम सम्बन्धों में वैमनस्यता, राजकीय पक्ष से उलझनें, यात्रा कष्टकर।

वृश्चिक- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, स्वजनों-परिजनों से अपेक्षित सहयोग, धनागम का मार्ग प्रशस्त, नवसम्पर्क उपयोगी।

धनु- व्यावसायिक उन्नति, जटिल समस्या का समाधान, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, आहार-विहार में नवीनता, यात्रा संतोषजनक।


मकर- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर, मनोवांछित सफलता, पारिवारिक सौहार्द, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, दूसरों के आश्वासनों से राहत।

कुम्भ- बहुप्रतीक्षित कार्यों में निराशा, पारिवारिक उलझनें, धनागम में बाधा, मित्रों से गलतफहमी, स्वास्थ्य में शिथिलता, दूर-समीप की यात्रा में परेशानी।

मीन- कठिनाइयों का निराकरण, बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, आर्थिक लाभ का मार्ग प्रशस्त, मांगलिक आयोजन सम्पादित, विरोधी परास्त, भौतिक सुख में वृद्धि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# आतंक का पर्याय बने गुलदार नांगल क्षेत्र में दहशत बरक़रार



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शायद ही कोई गांव ऐसा हो, जिसके जंगल में गुलदार न हो। कुछ जगहों पर तो एक से ज्यादा गुलदार हैं। खेतों में छिपे गुलदार किसानों, मजदूरों के लिये बड़ी मुसीबत बने हुए हैं। क्षेत्र के तिसोतरा, गौसपुर, सुंगरपुर बेहड़ा, नांगल, चमरौला, सराय आलम आदि गांवों में आयेदिन गुलदार किसी न किसी पशु, कुत्ते को निवाला बनाते रहते हैं। गौसपुर में गुलदार ने कई पशुओं को अपना निवाला बनाया है। उन गांवों में गुलदार का ज्यादा खतरा रहता है, जो जंगल से घिरे हुए हैं या वन क्षेत्र के नजदीक हैं। किसान, मजदूर खेतों पर जाने में भी भयभीत रहते हैं।

सुंगरपुर बेहड़ा गांव के रास्ते पर गुलदार होने की खबर वर्षों से सुनी जा रही है। चंदोक से सुंगरपुर बेहड़ा जाने वाले रास्ते के दोनों ओर खेत हैं। ऐसे क्षेत्र गुलदारों के वास के लिये अधिक उपयुक्त होते हैं। इसी मार्ग से लालपुर सोजीमल, सलेमपुर भट्टा, खिरनी, गोपालपुर तथा बालावाली से होते हुए उत्तराखंड जाने वाले वाहन चालक भी गुजरते हैं। इस मार्ग पर कई व्यक्ति गुलदार के हमले में घायल हुए हैं। गौसपुर मार्ग पर भी कई बार गुलदार दुपहिया वाहन चालकों पर हमला कर चुका है।

बस गनीमत ये रही कि क्षेत्र में पिछले कई वर्षों में गुलदार के हमलों में किसी इंसान की जान नहीं गई। अलबत्ता वर्ष 2020 में गुलदार ने हमला करके खेत में गन्ना छील रहे सराय आलम निवासी मजदूर चमन कश्यप को मार डाला था। भागूवाला क्षेत्र के ग्राम रामदासवाली में भी गुदार ने एक बालक की जान ले ली थी। वन विभाग के पास गुलदारों को पकड़ने के लिये प्रशिक्षित व्यक्ति नहीं हैं। न ही उनके पास गुलदारों का मुकाबला करने के लिये पर्याप्त साधन ही हैं।

## हाथी पहुंचा रहे फसल को नुकसान किसान चाहते हैं स्थायी समाधान



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के कालागढ़ के आसपास सीमावर्ती इलाकों में स्थित खेतों में जंगली हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सुबह-सुबह किसान खेतों पर जाते हैं और रात में हाथियों द्वारा उत्पात उजाड़ी गई फसल को देखकर खड़े के खड़े रह जाते हैं। कालागढ़ के आसपास मुरलीवाला, भिकावाला व जामुनवाला आदि सीमावर्ती गांवों में स्थित खेतों में हाथियों के झुंड फसलों को आएदिन नुकसान पहुंचा रहे हैं। वरिष्ठ किसान नेता एवं भाकियू (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा ने बताया कि इस समस्या के समाधान को लेकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के संबंधित वनाधिकारियों, कर्मचारियों को अनेक बार अवगत कराया गया, मगर वन विभाग के कानों पर कोई जूं रेंगती नज़र नहीं आ रही है। मदन राणा तथा दीपक सिरोही, हेमंत डागर, करन सिंह, अमन सिंह, गुरमुख सिंह, गोविंद सिंह, अतर सिंह व आर्यन डागर आदि किसानों ने बताया कि हाथियों द्वारा ग्राम मुरलीवाला व जामुनवाला के बीच स्थित खेतों में फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। इस संबंध में उत्तराखंड के कालागढ़ वन रेंज के क्षेत्राधिकारी नंदकिशोर रूवाली का कहना है कि हाथियों को उधर जाने से रोकने हेतु शीघ्र ही तार फेंसिंग का कार्य कराया जाएगा और जगह-जगह क्षतिग्रस्त हुई सीमा बनी दीवार की मरम्मत कराकर समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## मुरादाबाद के विशाल का था स्योहारा में मिला शव

**स्योहारा ( चिंगारी )।** थाना कार्यालय से कुछ ही कदमों की दूरी पर मिले अज्ञात शव के मामले में पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। गुरुवार रात किसान सेवा सहकारी समिति के सामने एक व्यक्ति के बेहोशी की हालत में पड़े मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल एम्बुलेंस की मदद से व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्योहारा भिजवाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। प्रारंभिक तौर पर मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएचसी पहुंचे क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि बाद में मृतक की शिनाख्त विशाल पुत्र ललतू सिंह, निवासी ग्राम बहादरपुर नयागांव, थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मौत का कारण सड़क दुर्घटना सामने आया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पूरी पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## युवती बरामद, आरोपी का चालान

**नगीना ( चिंगारी )।** एक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने ग्राम मलकपुर सहसु निवासी जय सिंह उर्फ आकाश को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष अवनीत मान ने बताया कि छह जनवरी को क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में जय सिंह उर्फ आकाश पर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया कि युवती सकुशल मिल गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान किया गया।

## सांख्यिकी अधिकारी ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण




**नगीना ( चिंगारी )।** प्रदेश के सांख्यिकी अधिकारी विशेष सिंह ने शुक्रवार की दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विशाल दिवाकर ने उन्हें बताया कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों व स्टाफ की भारी कमी काफी समय से चल रही है। महिला चिकित्सा अधिकारी का पद काफी समय से रिक्त है, जबकि कुछ दिन पूर्व तैनात की गई महिला चिकित्सा अधिकारी ने अभी ज्वाइन नहीं किया है। उन्होंने बताया कि सभी तरह के विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा अल्ट्रासाउंड ऑपरेटर का पद भी खाली चल रहा है। ऑपरेशन सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग रखी गई। निरीक्षण के दौरान सांख्यिकी अधिकारी ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये।

# अशरफ पठान क्रिकेट क्लब ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

## राफेल क्लब को 90 रनों से हराया

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे स्थित रामसहायवाला चुंगी के निकट मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अशरफ पठान क्लब ने राफेल क्लब को पराजित कर टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर आसपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उत्साहवर्धन किया।

पिछले कई दिन से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट को शुक्रवार को फाइनल खेला गया, जिसमें अशरफ पठान क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 185 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया, जिसमें धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए फरहान ने 13 छक्के और एक चौके की मदद से 93 और बादशाह ने 55 रन की शानदार पारी खेली। राफेल क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए शारिक ने दो विकेट चटकाये। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए राफेल क्लब महज 95 रन पर ही सिमट गई। अशरफ पठान क्लब के गेंदबाज आमिर और शहनवाज ने ती और दो विकेट चटकाकर अपनी टीम को जिताने में सहयोग किया। शानदार 93 रन बनाने वाले फरहान को मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस अवसर पर आसपा नगराध्यक्ष शलम नवाज़, मौ शादाब पप्पू भाई, कमर आलम, सभासद नासिर पधान, इरशाद अहमद, शहजाद, अल्तमश, राजा, चंदा, मौ बुरहान, शैली, मौनू, मौ. इमरान, सोनू, इरशाद पहलवान आदि उपस्थित रहे।



खिलाड़ियों को ट्रॉफी देते विवेक सेन और अन्य अतिथि।

## वाहनों की चैकिंग की



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी तक) के अन्तर्गत शुक्रवार को गौरी शंकर ठाकुर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), बिजनौर और मुन्ना लाल, यात्रीकर अधिकारी, बिजनौर द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर हूटर/प्रेशर हॉर्न/शीशे पर काली फिल्म की चैकिंग की गई तथा चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, मोबाइल का प्रयोग न करने तथा ओवरस्पीड में वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि कोई दुर्घटना घटित न हो और जीवन सुरक्षित रहे।

## चोरी किये पशुओं के साथ दो गिरफ्तार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने चोरी की गई भैंस व कटिया के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। ग्राम हैजरपुर निवासी छत्रपाल सिंह के घर से कटिया व नगर के मुहल्ला सरायरफी फीना बस्ती निवासी रईस अहमद के घर से भैंस चोरी हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने नगर के मुहल्ला शाहचन्दन निवासी मौ फहाद पुत्र नसीम अहमद चुराई गई भैंस व कटिया के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हिमांशु पवार,हेका मंजीत सिंह, जगदीश तोमर,सोहित कुमार व सुतेन्द्र शामिल थे।

SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन

अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं

अन्य सेवाएं-
➢100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➢डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➢22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

## चित्रगुप्त मंदिर में मनायी जाएगी विवेकानन्द जयंती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ बिजनौर द्वारा स्वामी विवेकानन्द की जयंती धूमधाम से मनायी जाएगी। इस अवसर पर 12 जनवरी को सांय 4 बजे मौहल्ला चाहशीरीं स्थित नौबतराय शिव चित्रगुप्त मंदिर में कार्यक्रम होगा। कायस्थ महासभा के प्रांतीय सचिव ओम सहाय भटनागर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजवर्धन भटनागर होंगे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेखा भटनागर द्वारा किया जाएगा। श्री ओम सहाय भटनागर ने कायस्थ समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## गायों को गुड़ खिलाया

बिजनौर (चिंगारी )। नगर के बुजुर्ग साहित्यकार श्री हितेश कुमार शर्मा ने अपने पूज्य पिताजी स्व. डा. रघुनाथ प्रसाद शर्मा की पुण्यतिथि/जन्मतिथि (दोनों एक ही दिन हैं) के अवसर पर नगर पालिका द्वारा संचालित कान्हा पशु आश्रय स्थल में गायों को गुड़ खिलाया और पंडित जी को दान दिया। इस अवसर पर श्री हितेश कुमार शर्मा की पत्नी श्रीमती उषा शर्मा, सुपुत्र तपेश शर्मा, ललित शर्मा व आशुतोष शर्मा तथा पौत्र सार्थक शर्मा एवं पितृ तुल्य जागेश ने सहयोग किया।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!

MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## ट्रम्प की हरकत से हलचल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अहमकपन से दुनिया भर में उथल पुथल है। कैरिबियन के राष्ट्रपति पहले गुरिल्ला योद्धा रहे हैं और उन्होंने ट्रंप की धमकी का घोर विरोध करते हुए कहा है कि वे अमेरिका से निपटने के लिए एक बार फिर हथियार उठाने को तैयार हैं। क्यूबा में फेडेल कास्त्रो व उनके भाई की सत्ता से विदाई के बावजूद वह अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर चल रहा है और उसने अमेरिकन आक्रामकता का विरोध किया है। रूस और चीन ने अमेरिका से तत्काल राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को रिहा करने तथा वेनेजुएला से अपने सैनिक हटाने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने भी वेनेजुएला के खिलाफ सैनिक कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन बताया है। लेकिन विडंबना है कि संयुक्त राष्ट्र संघ या कोई और अंतरराष्ट्रीय संस्था अमेरिका के खिलाफ कोई प्रभावी कदम उठाने की स्थिति में नहीं है। राजनीतिक विश्लेषक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वर्तमान आक्रामक व विस्तारवादी नीतियों को 19वीं शताब्दी में अमेरिकन राष्ट्रपति द्वारा पेश 'मुनरो सिद्धान्त' का विस्तार मानते हुए इसे 'डुनरो सिद्धान्त' कह रहे हैं। इसके अनुसार अमेरिका अमेरिकी महाद्वीप, यानी उत्तरी और दक्षिण अमेरिका में यूरोप या किसी अन्य क्षेत्र का कोई प्रभुत्व नहीं चाहता है। अतीत में क्यूबा की समाजवादी क्रांति के बाद लैटिन अमेरिका के अनेक देशों में अमेरिकी प्रभुत्व के खिलाफ स्वतंत्र नीति पर चलने की प्रवृत्ति पैदा हुई थी। 'मुनरो सिद्धान्त' ऐसे समय पेश किया गया था जब अमेरिकी महाद्वीप में यूरोपीय शक्तियों के उपनिवेश थे जो बाद में स्वतंत्र देश बन गए थे। जहां तक ग्रीनलैंड का सवाल है, यह पूरे साल बर्फ से ढका रहने वाला लगभग निर्जन द्वीप था, जहां अमेरिका ने द्वितीय विश्वयुद्ध में हिटलर का मुकाबला करने के लिए सैनिक अड्डे बनाए था तथा पेट्रोल का भारी भंडारण किया था। समय बीतने के साथ ग्लोबल वार्मिंग के असर से ग्रीनलैंड के बहुत से हिस्सों की बर्फ पिघलने लगी और इसके परिणामस्वरूप अंतराष्ट्रीय नौवहन में इसे महत्वपूर्ण स्थान मिलने लगा। रूस, चीन तथा अन्य यूरोपीय शक्तियां अब ग्रीनलैंड के समुद्र को नौवहन का छोटा रास्ता मानने लगे हैं जिससे ग्रीनलैंड का भविष्य में महत्व और बढ़ेगा।

# 'पद्मश्री' सुमित्रा चरत राम : कला की अखंड साधना का उज्ज्वल दीप

भारतीय कला-जगत की स्मृतियों में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो केवल अपने कार्यों से नहीं, बल्कि अपनी उपस्थिति से ही युग का संस्कार गढ़ देते हैं। 'पद्मश्री' श्रीमती सुमित्रा चरत राम ऐसी ही एक विलक्षण साधिका थीं- वे केवल कला की संरक्षिका नहीं थीं, बल्कि स्वतंत्र भारत में नृत्य, संगीत और रंगमंच के पुनर्जागरण की मौन किंतु सुदृढ़ आधारशिला थीं।

17 नवम्बर 1914, दीपावली के पावन दिन, बिजनौर की धरती पर जन्मी सुमित्रा-जी का जीवन प्रारंभ से ही संस्कार, अनुशासन और साहित्यिक चेतना से अनुप्राणित रहा। उनके पिता प्रतिष्ठित राजा ज्वाला प्रसाद, ब्रिटिश भारत में संयुक्त प्रांत के नहर एवं सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता थे- पद, प्रतिष्ठा और प्रशासनिक शक्ति से युक्त। किंतु उनके घर का वातावरण सत्ता से अधिक साहित्य, संवाद और संवेदनशीलता से रचा-बसा था। यही कारण था कि उनकी सभी संतानों में बौद्धिक परिष्कार और सार्वजनिक दायित्वबोध स्पष्ट दिखाई देता है। उनके ज्येष्ठ भ्राता धर्मवीर स्वतंत्र भारत के प्रशासनिक इतिहास के शिखर पुरुष रहे- कैबिनेट सचिव और अनेक राज्यों के राज्यपाल।




सुमित्रा-जी का व्यक्तित्व इसी पारिवारिक संस्कार की निरंतरता था। हिंदी साहित्य से उनका आत्मीय रिश्ता था। मुंशी प्रेमचंद की यथार्थ दृष्टि और सुमित्रानंदन पंत की काव्यात्मक कोमलता- दोनों का प्रभाव उनके स्वभाव में झलकता था। यही कारण था कि वे केवल कला की प्रशंसक नहीं, बल्कि उसकी सूक्ष्म पारखी बनीं। उनका सौंदर्य-बोध बाह्य आडंबर से नहीं, बल्कि भीतर की संवेदना और सुसंस्कृत दृष्टि से उपजा था।

उन्होंने जीवनसाथी के रूप में चरत राम को चुना- श्रीराम परिवार के उत्तराधिकारी, उद्योग और उद्यम के पुरुष। यह विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि उद्योग और संस्कृति के दो धाराओं का संगम था। चरत राम उनके जीवन के 'प्रथम पुरुष' रहे- जिसे उन्होंने अपनी आत्मकथा के शीर्षक में भी सहेजा। विवाह के बाद सुमित्रा-जी का कला-संसार और अधिक विस्तृत हुआ। संसाधन मिले, पर उससे अधिक मिला दृष्टि और संकल्प।






1952 में स्थापित श्रीराम भारतीय कला केंद्र केवल एक संस्था नहीं था, वह कला की तपोभूमि था। कथक की कक्षाएं उनके ससुराल के घर के तहखाने से आरंभ हुईं- आज जहां हिंदुस्तान टाइम्स का भवन खड़ा है। यहीं से कथक केंद्र की यात्रा शुरू हुई, जिसने आगे चलकर दिल्ली को कथक की राजधानी बना दिया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि दिल्ली में कथक का वर्तमान स्वरूप सुमित्रा चरत राम की साधना का प्रतिफल है। जयपुर, लखनऊ और बनारस- तीनों घरानों को उन्होंने समान आदर दिया। गोपी कृष्ण और सितारा देवी जैसे उच्छल कलाकारों को भी उनके स्नेह में स्थिरता मिली।

संगीत के क्षेत्र में भी उनका संरक्षण उतना ही व्यापक था। डागर बंधु, मुन्नवर अली खान, मुश्ताक हुसैन खान जैसे महान संगीतज्ञों को उनके संस्थान में पहला ठिकाना मिला। वे कलाकारों के लिए कभी मां थीं, कभी बहन, कभी कठोर अनुशासक, तो कभी करुण संरक्षिका। नैना देवी, जो पूसा रोड स्थित केंद्र की पहली आवासी कलाकार थीं, ने उस संस्थान को अनुशासन और गरिमा प्रदान की। वहीं से कथक की प्रारंभिक नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां- मालती माधव और कुमारसंभवम्- जन्मीं। उनकी सबसे स्थायी सांस्कृतिक विरासत रामलीला है- जो आज भी जीवंत परंपरा के रूप में मंचित होती है। गुरु गोपीनाथ, नरेंद्र शर्मा, शेखरन पणिकर- प्रत्येक कोरियोग्राफ़र ने उसमें अपनी कलात्मक छाप छोड़ी। कथकली और कथक का अद्भुत समन्वय इस रामलीला की विशेष पहचान बना। राघवन नायर द्वारा अभिनीत राम की मर्यादित, गरिमामय छवि आज भी दर्शकों की स्मृति में अंकित है और शेखरन पणिकर का रावण- कथकली की गहन नाटकीयता से युक्त अविस्मरणीय रहा।

> स्वतंत्रता के बाद के दशकों में जब भारतीय कला अपने अस्तित्व और पहचान के लिए संघर्षरत थी, तब सुमित्रा चरत राम संरक्षण की वह छाया बनीं, जिसके नीचे असंख्य प्रतिभाएं पनपीं। पंडित रवि शंकर, उस्ताद अली अकबर खान, पंडित शंभू महाराज, उस्ताद हाफ़िज़ अली खान, पंडित बिरजू महाराज, माया राव, कुमुदिनी लाखिया-ये नाम केवल कलाकार नहीं, बल्कि युगचिह्न हैं। तीन पीढ़ियों के कलाकारों को उन्होंने मंच दिया, मान दिया और आत्मविश्वास दिया।

SBKK के पूर्व छात्र-छात्राओं की परंपरा भारतीय कला का जीवंत इतिहास है- उस्ताद अमजद अली खान से लेकर उमा शर्मा, देवी दुर्गा लाल, माया राव, केशव कोठारी और असंख्य नाम, जिन्होंने भारतीय कला को वैश्विक पहचान दी। इसीलिए 1966 में उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया। 8 अगस्त 2011, नई दिल्ली में, 96 वर्ष की आयु में उनका देहावसान हुआ। वे अपने पीछे न केवल परिवार- बच्चे, नाती-पोते छोड़ गईं, बल्कि एक ऐसी सांस्कृतिक परंपरा भी छोड़ गईं, जो आज भी सांस लेती है। उनकी पुत्री शोभा दीपक सिंह आज उस परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं।

सुमित्रा चरत राम का जीवन यह सिखाता है कि कला को केवल मंच नहीं, दृष्टि चाहिए, केवल साधन नहीं, समर्पण चाहिए और केवल प्रतिभा नहीं, संरक्षण चाहिए। वे चली गईं, पर भारतीय कला के कण-कण में आज भी उनका स्नेह, उनका अनुशासन और उनकी साधना जीवित है।



**-राहुल 'नील'**

# दिल्ली व हिमाचल के बीच होगा फाइनल मुकाबला



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नेशनल स्पीड हैंडबॉल चैम्पयनशिप के तीसरे दिन पुरुष वर्ग के सेमी फाइनल में हिमाचल प्रदेश ने विवेक विश्विद्यालय को 32-30 से परास्त किया। उत्तर प्रदेश को दिल्ली ने 27-26 से परास्त कर फाइनल में अपनी जगह बना ही। महिला वर्ग का फाइनल भी दिल्ली और हरियाणा के बीच ही होगा।

क्वार्टर फाइनल पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को 24-16 से पराजित किया। दिल्ली ने हरियाणा को 31-04 से टक्कर मुकाबले में हरा दिया। विवेक विश्वविद्यालय ने उत्तराखण्ड को 18-13 से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश ने गोपी अकेडमी को 31-25 से हरा दिया।

महिला वर्ग में सेमी फाइनल में दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश को 16-12 से पराजित किया। हरियाणा ने छत्तीसगढ़ को 20-05 से परास्त किया। क्वार्टर फाइनल में दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को 31-04 से हरा दिया। छत्तीसगढ़ ने गोपी एकेडमी को 20-05 से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश ने राजस्थान के 08-04 से परास्त किया। हरियाणा ने उत्तराखण्ड को 23-01 से परास्त किया। इस अवसर पर चीफ रैफरी चेयरपर्सन पंकज शर्मा, चीफ टैक्नीकल कम्युनिटि चेयरमैन रोहित सिंह टैक्नीकल कम्युनिटी वाईस चेयरमैन प्रकाश मिश्रा, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री विवेक गिरि, दिल्ली सचिव पुनित डबास, चीफ जज मनीष मीणा, उत्तर प्रदेश स्पीड हैंडबॉल के सचिव पप्पल गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# जनकल्याण सेवा समिति ने जरूरतमंदों को लिहाफ बांटे




**झालू ( चिंगारी )।** जनकल्याण सेवा समिति ने आर्य समाज स्कूल परिसर में लिहाफ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 20 जरूरतमंद लोगों को लिहाफ वितरित किए गये। समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने स्वयं आगे बढ़कर लाभार्थियों को लिहाफ प्रदान किये और उनका हालचाल जाना।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ठंड के मौसम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को जीवन यापन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में उन्हें गर्म वस्त्र उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समिति आगे भी इसी प्रकार के जनहितकारी और सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। लिहाफ पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी साफ झलकी। उन्होंने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर समिति के सदस्य चंद्रपाल सिंह, महेंद्र धीमान, मुकेश कुमार वर्मा, विजयपाल शर्मा, जी.सी. राय (बंगाली), रामेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह आर्य तथा चांदबाबू शर्मा मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने भी वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किए गए इस मानवीय प्रयास को प्रेरणादायक बताया।

# अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि कॉलेज के प्रो. डॉ. अजय कुमार, प्रो. नायला नईम, प्रो. अंकित रंजन अग्रवाल एवं प्रो. गौरव गुप्ता ने 10 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिनिधि के रूप में सहभागिता की। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में मानवीय मूल्यों, नैतिकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करना रहा। सम्मेलन में विभिन्न देशों के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं विषय विशेषज्ञों ने उच्च शिक्षा में मानवीय मूल्यों की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। इस उपलब्धि पर कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज के सचिव कुंवर उदयन वीरा एवं रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं रेडियो संदेश सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल शैक्षणिक भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में सहभागिता से शिक्षकों के ज्ञान, दृष्टिकोण एवं शिक्षण गुणवत्ता में निरंतर वृद्धि होगी, जिससे विद्यार्थियों को भी लाभ प्राप्त होगा।




# तौल इंचार्ज के साथ मारपीट के मामले में किसान नेता सहित आठ पर केस दर्ज

**मंडावर ( चिंगारी )।** उत्तम शुगर मिल के क्रय केंद्र पर तैनात तौल इंचार्ज के साथ मारपीट करने तथा तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष और उनके पुत्र समेत पांच लोगों को नामजद व तीन अज्ञात समेत आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि गुरुवार को किसान नेता के पुत्र व उसके साथियों ने क्रय केंद्र पर तौल इंचार्ज नितिन कुमार, निवासी ग्राम डबासवाला, थाना किरतपुर से मारपीट करते हुए केंद्र पर तोड़फोड़ की थी। इसके विरोध में गुरुवार को गन्ना तौल लिपिक ने तौल बंद करके प्रदर्शन किया था। साथ ही थाने में भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष और उनके पुत्र समेत कई के खिलाफ तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर मंडावर पुलिस ने भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष वीर सिंह सहरावत, उनके पुत्र हिमांशु निवासी ग्राम चमरौला, थाना नांगल, नितिन ग्राम मायापुरी थाना नांगल, अमित, रामअवतार निवासीगण ग्राम लायकपुरी, थाना मंडावर तथा तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गौरक्षा समिति ने किया गौशाला का निरीक्षण



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** गौशाला में गौवंश की मौतों के समाचार का संज्ञान लेकर गौरक्षा समिति बिजनौर के जिला अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ गौशाला का निरीक्षण किया तथा भूख और ठंड से हुई गौवंश की मौतों पर दुःख प्रकट करते हुए इसके लिए ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को जिम्मेदार बताते हुए उनकी घोर लापरवाही का नतीजा बताया तथा प्रकरण को मुख्यमंत्री के सम्मुख रखने की बात कही है। शुक्रवार को गौशाला पहुंचे गौरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बिजनौर टाइम समूह संवाददाता से बात करते हुए कहा कि बिजनौर टाइम्स एवं सांध्य दैनिक चिंगारी में प्रकाशित समाचारों को पढ़कर उन्हें गौशाला में गौवंश की भूख एवं ठण्ड से हुई मौतों की जानकारी हुई। खबरों का संज्ञान लेकर गौशाला पहुंचे हैं। उन्होंने गौवंश की मौतों को दुखद बताते हुए इसके लिए ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को जिम्मेदार ठहराते हुए उनकी घोर लापरवाही का परिणाम बताया है। उन्होंने गौवंश को बीते 4 माह से केवल सूखा भूसा खिलाने को गौवंश पर अत्याचार बताते हुए इसकी भर्त्सना की तथा प्रकरण को मुख्यमंत्री के सम्मुख उठाने की बात कही है। टीम में सोनू शर्मा, आयुष शर्मा, आलोक शर्मा, धर्मेंद्र सैनी आदि गौरक्षक मौजूद रहे।

# चुनाव में किया गया वादा निभाया सांसद ने धर्मशाला का गेट लगवाया



## सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने किया उद्घाटन

**धामपुर ( चिंगारी )।** चुनाव के दौरान किये गये वादे को पूरा करने के लिए शुक्रवार को सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने ग्राम कुंडीपुरा में स्थित रविदास धर्मशाला पर गेट लगवा कर एक मिसाल पेश की है। गेट लगने के बाद ग्रामीणों ने सांसद व उनके प्रतिनिधि का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। लोकसभा चुनाव के दौरान सांसद चंद्रशेखर आजाद ग्राम कुंडीपुरा में पहुंचे थे, तो गांव वालों ने रविदास धर्मशाला में गेट लगाने की मांग की थी। गांव वालों का कहना था कि गेट न होने के वजह से असामाजिक तत्वों का धर्मशाला में आना-जाना लगा रहता था। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए गेट लगवाने का भरोसा दिलाया था। उसी भरोसे को निभाते हुए शुक्रवार को सांसद के प्रतिनिधि विवेक सेन ने ग्राम कुंडीपुरा पहुंचकर सांसद के किए गए वादे के अनुसार धर्मशाला पर गेट लगवा कर सांसद के वादे को पूरा किया। सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने फीता काटकर गेट का उद्घाटन किया। इस दौरान शादाब आलम, सुखबीर सिंह, शहजाद, मानसिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजस्व पेशनर्स ने नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया, 105 मरीजों ने लाभ उठाया

## कुष्ठ आश्रम में कंबल व फल बांटे

**धामपुर ( चिंगारी )।** राजस्व पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा की बैठक तहसील सभागार मे हुई, जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक मौ. रईस एवं संचालन मदनपाल सिंह व रतीन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। बैठक मे जिला अध्यक्ष इन्द्रदेव शर्मा, जिला उपाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह, आफाक अहमद सहसचिव, राजेश कुमार सचिव, सुशील त्यागी कोषाधिकारी बिजनौर, महेन्द्र जीत सिंह अध्यक्ष नगीना, मुनेशचन्द्र शर्मा, श्याम लाल, बलराम, रामकुंवर सिह, पवन कुमार, आदि ने प्रतिभाग किया। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओ एवं निस्तारण/समाधान पर चर्चा परिचर्चा की गयी। लोक कल्याण की भावना से प्रेरित होकर तहसील परिसर मे ही एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसका उद्घाटन पदाधिकारीगण द्वारा फीता काटकर किया गया, जिसमें डॉ. सौरव चौधरी एवं डा. भावना द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर में 105 मरीजों को निशुल्क दवाइयां व परामर्श दिया गया। Padhkint लैव द्वारा शुगर वी.पी. कोलेस्ट्राल आदि की निशुल्क जांच की गयी। बैठक समापन उपरान्त कुष्ठ आश्रम मे रहने बाले परिवार को ऊनी कम्बल व फलो का वितरण किया गया।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में प्रयागराज चिंतन शिविर पर विचार



एसआई श्रीकांत को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत गन्ना समिति में राम सिंह प्रधान की अध्यक्षता व मोनू चौधरी के संचालन में आयोजित की गई। पंचायत में बोलते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी अमरपाल सिंह ने कहा कि आगामी 16 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रयागराज में चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने किसानों से 15 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या में किसान कुंभ में प्रयागराज चलने का आह्वान किया। पंचायत में क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस से ग्राम सुरक्षा समिति बनाने की अपील की। इस सम्बंध में यूनियन की ओर से एक ज्ञापन शहर इंचार्ज उपनिरीक्षक श्रीकांत सत्यार्थी को सौंपा पंचायत में संगठन का विस्तार करते हुए अनिल चौधरी, मनोज सैनी, दिग्विजय सिंह चौहान को भाकियू की सदस्यता ग्रहण कराई। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल चौधरी, जिला संगठन मंत्री अशोक धनकड़, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, दिनेश चौधरी, सुशील शर्मा, रोहताश यादव, दुष्यंत यादव, अनिल चौधरी, नरेश चौधरी, मोहित चौहान, बुध सिंह आदि मौजूद रहे।

# नूर हास्पिटल में मरीजों के लिये नि:शुल्क कैम्प का आयोजन



कैम्प का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए राजा अंसारी।

**नहटौर ( चिंगारी )।** नूर हारिपटल में नि:शुल्क कैंप का आयोजन हुआ। कैम्प का पूर्व चेयरपर्सन पुत्र राजा अंसारी ने फ़ीता काटकर शुभारंभ किया। शनिवार को धामपुर रोड नहटौर में नूर हॉस्पिटल में नि:शुल्क कैंप का आयोजन महीने की 10 तारीख को किया जाता है, जिसमें मरीज को नि:शुल्क दवाई चेकअप के माध्यम से लाभ मिलता है। डॉ मो. शारिक ने बताया कि हर महीने नि:शुल्क कैंप में 2 दिन की दवाई फ्री दी जाती है। इस अवसर पर डॉ. खलील अहमद, कामरेड गुलाम साबिर, शमशेर उर्फ पोंटिंग, डॉक्टर ग़ालिब हाफिज तनवीर, नदीम अंसारी शब्बू मंसूरी, मकसूद राणा, इस्तखार अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल में योजनाओं की जानकारी दी

## बीडीओ प्रताप सिंह ने पात्रों के चयन के निर्देश दिये



**नहटौर ( चिंगारी )।** विकासखंड नहटौर के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'ग्राम चौपाल' का आयोजन किया गया। शुक्रवार को ब्लॉक परिसर, ग्राम पंचायत करीमपुर मुबारक और महमूदपुर कामिल में आयोजित इन चौपालों में खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और सरकार द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिन मजदूरों की (केवाईसी) अभी तक अधूरी है, उसे तत्काल पूरा कराया जाए। इस अवसर पर मनोज कुमार (एडीओ पंचायत),जयवीर सिंह व पंकज सैनी (ग्राम पंचायत सचिव), अमरदीप राही, विशेष कुमार, केशव कुमार आदि उपस्थित रहें।

# महिला वैश्य समाज ने मनाया 'कान्हा हैप्पी न्यू ईयर'



**धामपुर ( चिंगारी )।** वैश्य समाज महिला उत्तर प्रदेश द्वारा कान्हा हैप्पी न्यू ईयर धूमधाम से मनाया गया। रामा रेजीडेंसी में नववर्ष स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संगठन की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नव वर्ष कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गायत्री महामंत्र के पांच बार उच्चारण से किया गया। इस अवसर पर सभी ने 'कान्हा हैपी न्यू ईयर' गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल ने इस वर्ष की योजनाओं की जानकारी दी। जिसके कार्यक्रम साल भर चल सकें। इस अवसर पर कई मनोरंजन गेम भी आयोजित किये गये। जिसमें पंकच्युलटी में अनुपमा गोयल, स्लो डांस में शोभना अग्रवाल, पूजा गुप्ता और नववर्ष भजन में समता अग्रवाल, मीनाक्षी रहीं। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष मोनिका गुप्ता, पारुल गुप्ता, मीना अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, अंजू मित्तल, शालिनी सिंघल, प्रेरणा सिंघल, रश्मि सीमा, नीना बंसल, अनुपम गोयल, शोभना अग्रवाल आदि शामिल रहीं। कार्यक्रम आयोजित करने वालों में मोनिका गुप्ता, पारुल अग्रवाल, नीना बंसल, पारुल गुप्ता, अनीता अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष मोनिका गुप्ता द्वारा की गई।

# अगर नहीं हुआ बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान, तो आंदोलन करेंगे किसान



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** भाकियू (टिकैत) की मासिक पंचायत में बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। क्षेत्र के ग्राम पैगम्बरपुर स्थित बिजलीघर पर किसान ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता व राणा सैनी के संचालन में संपन्न हुई बैठक के बाद किसानों ने एसडीओ (विद्युत) अफजलगढ़ को एक मांग-पत्र सौंपा, जिसमें अभयराजपुर, अल्हैपुर मोहकम, मौ.पुर राजौरी आदि गांवों में किसानों के ट्यूबवैल के कनेक्शन अफजलगढ़ बिजलीघर से हटाकर पैगंबरपुर बिजलीघर से जोड़ने, घरेलू मीटर में जंपिंग की समस्या का हल निकालने, जम्फर जोड़ने के नाम पर रिश्वत लिए जाने एवं किसानों से अभद्र व्यवहार करने वाले विद्युतकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने आदि मांगों को पूरा करने की मांग करते हुए, समय रहते समाधान न हो पाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मदन राणा, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, रमेश सिंह शेखावत, देवेंद्र कौशिक, रवैल सिंह, जाहिद हुसैन, रिजवान हसन, यशपाल सिंह, हेमराज सिंह, सौरभ शर्मा, निपेंद्र सिंह, रामकुमार सिंह, महिपाल सिंह, राजेश सिंह, सुनील कुमार, मनोज कुमार, प्रीतम सिंह व हरि सिंह आदि अनेक किसान मौजूद रहे।

# फर्नीचर की दुकान में आग लगी



**चांदपुर (चिंगारी)।** मुहल्ला गोकुलनगर निवासी सजल अग्रवाल की मुहल्ले में ही अनमोल फर्नीचर के नाम से दुकान है। शुक्रवार की शाम को सजल अग्रवाल दुकान बन्द कर घर जा रहे थे। इसी बीच सामने वाले दुकानदार ने दुकान की ऊपरी मंजिल पर धुंआ निकलते देख इसकी खबर दी। खबर मिलते ही सजल अग्रवाल दुकान पर पहुंचे। आग दुकान की ऊपरी मंजिल में रखे सामान में लगी थी। लोगों ने दुकान के नीचे वाले स्थान में रखे सामान को बाहर निकालने के साथ ही ऊपर लगी आग को बुझाना शुरू कर दिया। सूचना पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।

# पुष्पा के पति की मृत्यु पर शोक जताया

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** बाल विकास परियोजना अफजलगढ़ की इंचार्ज सीडीपीओ श्रीमती रीता देवी व मुख्य सेविका श्रीमती अनीता चौहान सहित आंगनबाड़ी कार्यत्रियों एवं सहायिकाओं ने क्षेत्र के ग्राम नवाबपुरा की नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती पुष्पा के पति कांस्टेबल कृष्ण कुमार की सड़क हादसे में हुई मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए मृतक की आत्मा को शांति और कार्यकत्री पुष्पा सहित समस्त शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# स्याऊ में महाराणा प्रताप के नाम पर स्टेडियम बनाने की मांग



**चांदपुर (चिंगारी)।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति चांदपुर ने ग्राम स्याऊ में फायर स्टेशन के पास खाली पड़ी भूमि खसरा नंबर 321 में महाराणा प्रताप सिंह के नाम पर मिनी स्टेडियम बनवाये जाने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। समिति के तहसील अध्यक्ष मुनेश कुमार के नेतृत्व में पूर्व सैनिक तहसील पहुंचे तथा एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम स्याऊ में फायर स्टेशन व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पास खसरा नंबर 321 भूमि मिनी स्टेडियम के लिए उचित है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सैनिक मुनेश कुमार, कृष्णवीर फौजी, पूर्व सैनिक नरेश कुमार, सूबेदार यशपाल सिंह, समाजसेवी पूर्व प्रधानाचार्य कुमरसेन गौतम, मैनेजर सुभाषचंद्र वर्मा, वरिष्ठ समाज से भी श्रीमती मनोज सिंह डागर आदि शामिल रहे।

# विधायक ओमकुमार ने लगाया जनता दरबार



**नहटौर (चिंगारी)।** क्षेत्रीय भाजपा विधायक ओमकुमार ने शुक्रवार को अपने कैम्प कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर नागरिकों की समस्या सुनी और उनका शीघ्र निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता की।

इस मौके पर विधायक ओमकुमार ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता के लिए हर समय उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र का विकास कराने व क्षेत्र की जनता की सेवा करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सभी से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, हल्दौर मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, आकू मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, प्रधान वरुण, पूर्व मंडल अध्यक्ष दर्पण रावल, कपिल देव, सूर्य प्रताप शुक्ला, अनुभव धीमान, मंजीत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष एडवोकेट अर्पित कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जिले में 17 डाकघरों में बनाये जा रहे हैं आधार कार्ड

**बिजनौर (चिंगारी)।** डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा ने बताया कि जनपद में 17 डाकघरों में आधार कार्ड का कार्य किया जा रहा है। जिनमें अफजलगढ़, शेरकोट, बिजनौर प्रधान डाकघर, धामपुर प्रधान डाकघर, झालू, मंडावर, किरतपुर कोतवाली, साहनपुर, नजीबाबाद मुख्य डाकघर, हसुपुरा, नूरपुर, चांदपुर, हल्दौर, स्योहारा, नहटौर, नगीना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कुछ लोग अपने क्षेत्र के डाकघरों में न जाकर सीधा बिजनौर आ रहे हैं। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सभी से अपने-अपने क्षेत्र के डाकघरों में जाकर आधार कार्ड बनवाने की अपील की है।

# यातायात नियमों के पालन की शपथ ली



**चांदपुर (चिंगारी)।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर-स्याऊ में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के संबंध में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब, रोवर्स- रेन्जर्स एवं सेवा योजना की छात्र-छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। रोड सेफ्टी क्लब, रोवर्स-रेंजर्स और एनएसएस के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने विद्यार्थियों को यातायात के विभिन्न नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को स्वयं नियमों का पालन करने और समाज में सुरक्षित यातायात के दूत बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आयोजन का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को इस प्रकार तैयार करना है कि वे समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक कर सकें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में प्रभावी कमी लाई जा सके। इस गोष्ठी का संचालन डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, रोवर्स-रेंजर्स के संयोजक डॉ. कुलदीप, संयोजिका डॉ. उदिता राजपूत एवं एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उदिता राजपूत व मोहम्मद आरिफ के कुशल निर्देशन में किया गया।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बीती देर शाम नांगल-चंदक मार्ग पर एक बाइक आगे जा रही भैंसा-बुग्गी से टकरा गई , जिससे गंभीर रूप से घायल बाइक चालक की कुछ देर बाद ही मृत्यु हो गई। ग्राम कामराजपुर का निवासी राकेश उर्फ बब्लू (55 वर्ष) पुत्र रामपाल सिंह कल शाम किसी रिश्तेदार को छोड़ने नांगल आया था। नांगल से जब वह वापस घर जा रहा था, तो देर शाम लगभग 7 बजे बरकातपुर चौराहे और ग्राम कामराजपुर के बीच उसकी बाइक आगे जा रही भैंसा-बुग्गी से टकरा गई, इससे राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे चंदक स्थित पीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने राकेश के शव को पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भिजवा दिया था। आज दोपहर तक परिजनों ने इस सम्बन्ध में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी थी।

# आईएएस अधिकारी कुनाल रस्तोगी ने बीडीओ कार्यालय को नई पहचान दी

कुनाल रस्तोगी मूल रूप से लखनऊ के रहने वाले हैं। उनकी प्राइमरी शिक्षा त्रिपुरा में, मिडिल शिक्षा दिल्ली में एवं माध्यमिक शिक्षा लखनऊ में हुई। बिट्स पिलानी से उन्होंने सिविल में बीटेक किया है। सन् 2023 की यूपीएससी की परीक्षा उन्होंने15वीं रैंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की। सन् 2024 में उन्हें आईएएस में यूपी कैडर मिला। प्रशिक्षण के रूप में प्रथम नियुक्ति खंड विकास अधिकारी हल्दौर में हुई। उनके पिताजी श्री पुनीत रस्तोगी सन् 1995 पास आउट आईपीएस अधिकारी हैं, जो वर्तमान में बीएसएफ में एडीजी के पद पर दिल्ली में कार्यरत हैं। माताजी श्रीमती नीमा रस्तोगी ग्रहणी हैं और छोटी बहन पूर्णिमा डॉक्टर हैं।

मौहम्मद इरशाद मलिक

**हल्दौर ( चिंगारी )। मृदुभाषी, व्यवहारिक एवं जनसंवाद करने वाले आईएएस अधिकारी कुनाल रस्तोगी ने प्रशिक्षण के रूप में विकास खण्ड हल्दौर में प्रशासनिक रूप से बाह्य एवं आन्तरिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया है। अपनी बुद्धि, विवेक और न्यायिक गुणों से सुशोभित कुनाल रस्तोगी ने अपनी भाषा और व्यवहार से क्षेत्रीय जनता से संवाद स्थापित करते हुए विभिन्न समस्याओं का समाधान किया तथा क्षेत्र के विकास में चार चांद लगाए हैं।**



ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/बीडीओ कुनाल रस्तोगी

कुनाल रस्तोगी प्रशिक्षण बतौर खण्ड विकास अधिकारी हल्दौर के रूप में कार्यरत हैं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री रस्तोगी ने साढ़े चार माह के अल्प समय में विकास खण्ड स्तर पर जनसमस्याओं के वरत निराकरण, प्रशासनिक व्यवस्था, स्वच्छता मापदंड एवं निर्माण कार्यों को गति प्रदान की।

भारतीय प्रशासनिक सेवा में 15वीं रैंक लाने वाले 2024 के आईएएस अधिकारी कुनाल रस्तोगी ने अपनी प्रतिभा से अपने इरादे भी स्पष्ट कर दिये। विकास खण्ड हल्दौर में अनेक निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करवाया। सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, राशन दुकान, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास निर्माण, पक्की सड़कें आदि विकास कार्यों के निर्माण होने से क्षेत्रीय जनता का दिल जीत लिया है। कुनाल रस्तोगी ने विकास खण्ड परिसर में कार्यालय का सौंदर्यकरण व शौचालय का जीर्णोद्धार, मुख्य प्रवेश द्वार व विदुर कैफे के निर्माण कार्यों और ब्लॉक कार्यालय परिसर का शानदार सौंदर्यकरण करवाकर ब्लॉक कार्यालय को चांद की तरह चमका दिया है। तो दूसरी ओर विकास खण्ड परिसर की स्वच्छता, क्षेत्रीय लोगों से संवाद व उनकी समस्याओं के निराकरण व सड़कें, संपर्क मार्ग आदि निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी। हसमुख प्रवृत्ति के श्री रस्तोगी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, विकास खण्ड स्तरीय कर्मचारियों को व्यवहारिक रूप में हमेशा याद रहेंगे। उधर कुणाल रस्तोगी ने बीडीओ के कार्यकाल के अनुभव को अच्छा बताते हुए कहा कि विकास खण्ड हल्दौर के स्टाफ सदस्य कर्मठ एवं सहयोग करने वाले हैं। ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेन्द्र सिंह का व्यवहार सौम्य और सहयोग करने वाला है। क्षेत्रीय ग्रामीण जनता और ग्राम प्रधान अच्छे हैं।

## क्षेत्र में कराये विकास कार्य

आईएएस अधिकारी कुनाल रस्तोगी ने अपने बीडीओ के करीब साढ़े चार माह के अल्प कार्यकाल में ब्लॉक क्षेत्र में ग्राम पंचायत गंगोड़ा शेख, रेहड़वा, वाजिदपुर में राशन की दुकान (पीडीएस) स्थापित कराई। इसके अलावा ग्राम पंचायत नांगल जट, उमरी व गंगदासपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना कराई गयी। ग्राम पंचायत उमरी कंला का मौजा खुर्दी में शानदार सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया। ग्राम माढ़ी और इस्सापुर में गौशालाएं तथा ब्लॉक परिसर में विदुर कैफे स्थापित कराया गया, जिनकी क्षेत्रवासियों द्वारा भरपूर सराहना की गई है।



## ब्लॉक प्रमुख का रहा पूरा सहयोग

**कुनाल रस्तोगी द्वारा लगन, कर्तव्यनिष्ठा से ब्लॉक कार्यालय और ब्लॉक क्षेत्र में कराए गए सौंदर्यकरण, जीर्णोद्धार व सर्वोगींण विकास कार्यों में ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह का भी पूर्ण सहयोग रहा, जिसकी श्री रस्तोगी ने भी प्रशंसा की है।**





ब्लॉक कार्यालय परिसर, विदुर कैफे व मुख्य द्वार

# सभी वर्गों का उत्थान कर रही सरकार- महीपाल सिंह

**नगीना ( चिंगारी )।** प्रदेश के अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य महिपाल सिंह वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार सभी धर्म व जाति के लोगों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को विश्व गुरु बनाने का है। शुक्रवार की दोपहर पालिका सभागार में पालिका व विभिन्न विभाग के कर्मचारियों व सभासदों के साथ चर्चा करते हुए एससी-एसटी आयोग के सदस्य महिपाल सिंह ने पालिका कर्मचारियों की समस्याओं को भी जानने की कोशिश की। उन्होंने वहां मौजूद पूर्ति कार्यालय के कर्मचारियों से पात्र लोगों के राशन कार्ड बनाने में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बताते हुए सफाई कर्मचारियों की कड़ी मेहनत की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि सभी समाज के लोग अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं ताकि मुख्यधारा से सभी जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने दावा किया कि सरकार बिना किसी भेदभाव के जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर सभी वर्गों का ध्यान रख रही है। इस मौके पर एसडीएम (न्यायिक)/अधिशासी अधिकारी आशुतोष रामप्यारे जैसवाल, चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, नायब तहसीलदार अजब सिंह, पालिका के सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, प्रधान लिपिक इत्तेदार जैदी, सभासद गोपाल शर्मा, कपिल पवार, रोहित कुमार, मोहम्मद शानू, सिद्धिक मुल्तानी, मोहम्मद उस्मान जैदी, संदीप वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



# अब न वे बुज़ुर्ग रहे, न चौपाल


-नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर में धीरे-धीरे बुजुर्गों का टोटा होने से नई पीढ़ी बुजुर्गों के अनुभव से लगभग पूरी तरह खाली हो गई है और अब उनका मार्गदर्शन करने वाला भी कोई नहीं रहा है। दरअसल, धीरे-धीरे समय की रफ़्तार ऐसी बदली कि नगर की पहचान रहे अधिकतर बुजुर्ग एक-एक करके परलोक गमन कर गए। यह केवल कुछ लोगों का जाना नहीं था, बल्कि मानो पूरी एक पीढ़ी का मौन हो जाना था। कभी जिनके अनुभव से गलियां रोशन रहती थीं। जिनकी मौजूदगी से चबूतरे जगमगाते थे, वे अब स्मृतियों के सहारे बसेरा किए हुए हैं। शाम ढलते ही बैठकों का सिलसिला कभी अपने आप शुरू हो जाया करता था। कभी हुक्के की गुड़गुड़ाहट, चाय की भाप, पुरानी कहानियों का सिलसिला, किस्से-कव्वालियां, लोकगीत और जीवन का सार सुनाती छोटी-छोटी सीख। वह अब एक लम्बी खामोशी में बदल चुकी है। कहां खो गई वह अपनापन भरी गुफ़्तगू, जो मोहल्लों को परिवार बना देती थी?

नगर निवासी बुजुर्ग नरेश अग्रवाल (नेताजी) ने स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि नगर के मोहल्ला चिरंजीलाल



स्थित स्वर्गीय पंडित रमेश चंद्र गौड़/महेशचंद्र गौड़ के निवास स्थान पर लंबे समय तक सामाजिक समरसता की प्रतीक चौपाल सजती रही। उस चौपाल में हर आयु वर्ग और धर्म के लोग एकत्र होते थे तथा पंडित जी के अनुभव, ज्ञान और



नरेश अग्रवाल

मार्गदर्शन से लाभान्वित होते थे। उन्होंने बताया कि पंडित रमेशचंद्र गौड़ के निधन के पश्चात भी यह परंपरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। उनके नाती हिमांशु गौड़ आज भी उसी चबूतरे पर सायंकाल चौपाल का आयोजन करते हैं।

नगर के मोहल्ला किला निवासी बुजुर्ग विनय कुमार जैन बताते हैं कि पहले मोहल्ले में नियमित रूप से चौपाल लगती थी, जो सामाजिक मेल-मिलाप और संस्कारों का प्रमुख केंद्र हुआ करती थी। उस चौपाल में राजेंद्र कुमार जैन, प्रकाश चंद जैन, प्रदुमन कुमार जैन, अर्जुनदास अरोड़ा, छिद्दू भाई, पहलवान धोबी सहित सभी धर्मों के अनेक सम्मानित लोग आकर बैठते थे। चौपाल के माध्यम से वहां उपस्थित युवाओं और बच्चों को देश की आज़ादी से जुड़े प्रेरक प्रसंग, धार्मिक व ऐतिहासिक जानकारियां तथा सामान्य ज्ञान की बातें सिखाई जाती थीं। साथ ही मोहल्ले के लोगों के दिनभर के कार्यों और गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श होता था। चौपाल सामाजिक अनुशासन, आपसी समझ और सामूहिक जिम्मेदारी का सशक्त उदाहरण हुआ



विनय कुमार जैन

करती थी।

मोहल्ला नायक सराय जमा मस्जिद निवासी सलीम शेख़ बताते हैं कि मोहल्ले के मरहूम हाजी अमीर साहब की बैठक/चौपाल कभी पूरे मोहल्ले की शान और सामाजिक एकता का केंद्र हुआ करती थी। वहां शाम होते ही बुज़ुर्गों का अनुभव, युवाओं की ऊर्जा और बच्चों की मासूम शरारतें एक साथ देखने को मिलती थीं। उस चौपाल में मोहल्ले और शहर से जुड़े हर विषय जैसे राजनीति, शिक्षा, रिश्ते और आपसी मतभेद पर खुलकर संवाद होता था। बुज़ुर्ग मार्गदर्शन देते थे और युवा उनसे जीवन की सीख लेते थे। आज मोबाइल और सोशल मीडिया के दौर में वह परंपरा सिमट गई है। मरहूम हाजी अमीर साहब के बेटे शेख़ इरशाद (सेक्रेटरी) आज भी उस परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास कर रहे हैं।



सलीम शेख

# प्रेमाधाम आश्रम में मनाया बेटे का जन्मदिन



दिव्यांग बच्चों को भोजन परोसते भाकियू अ के पदाधिकारी, साथ में मौजूद राजू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के सदस्य अमित प्रताप सिंह ने अपने पुत्र वाशु का जन्मदिन अनूठे अंदाज में संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रेमाधाम आश्रम में अनाथ एवं दिव्यांग बच्चों संग मनाया। इस अवसर पर उन्होंने प्रेमाधाम आश्रम में रहने वाले दर्जनों अनाथ एवं दिव्यांग बच्चों संग केक काटकर उन्हें भोजन भी कराया। इस मौके पर अनाथ एवं दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर एक अलग ही खुशी दिखाई दे रहे थी। गौरतलब है कि बीते वर्ष बढ़ापुर के मोहल्ला सत्यान निवासी राजू (11 वर्ष) 10 माह के भीतर परिवार के तीन सदस्यों की मौत के बाद एकदम अकेला व अनाथ हो गया था। भारतीय किसान यूनियन अ. के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने राजू को अपना लिया था। राजू मानसिक रूप से कमजोर है, इसलिए उसे विशेष शिक्षा दिलाने के लिए प्रेमाधाम आश्रम पहुंचा दिया गया था। वासु के बर्थडे के मौके पर कार्यक्रम में मौजूद किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने अन्य बच्चों संग राजू को भी खूब प्यार व आशीर्वाद दिया। इस संबंध में किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह ने बताया कि राजू पढ़ाई में रुचि लेने के अलावा सब कुछ बहुत अच्छी तरह से सीख रहा है।

# विश्व हिंदी दिवस पर विश्व में हिंदी के प्रचार व प्रसार का संकल्प लें

सम्पूर्ण विश्व में अनेक भाषाएं बोली, लिखीं एवं पढ़ी जाती हैं। यद्यपि प्रत्येक देश की अपनी एक प्रमुख भाषा होती है, जिसे उस देश की राष्ट्र भाषा कहा जाता है, लेकिन इसी के साथ प्रत्येक देश में उसके प्रांतों के साथ ही आंचलिक भाषाएं भी होती हैं। इसे देखते हुए यदि विश्व को अनेक भाषाओं का भण्डार कहा जाये तो कोई गलत नहीं होगा। हमारे देश भारत की प्रमुख (राष्ट्र) भाषा हिंदी है और विश्व में इसी के प्रचार तथा प्रसार को और बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया जाता है। हिंदी का प्रचार व प्रसार आज पूरे विश्व में जिस तेजी से बढ़ रहा है उसका प्रमाण विदेशों में पढ़ाई जा रही हिंदी से प्राप्त हो सकता है। अनेक देशों के विश्व विद्यालयों में पढ़ाई जा रही हिंदी से भी इसका प्रमाण मिल सकता है। आज प्रत्येक व्यक्ति इस बात को स्वीकार करता है कि विश्व की अन्य लोकप्रिय भाषाओं में हिंदी भी अपना विशिष्ट स्थान रखती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आज जहां विश्व के अनेक विश्व विद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है वहीं संयुक्त अरब अमीरात के मुस्लिम देशों में हिंदी को अदालत की तीसरी अधिकृत भाषा माना जाता है। यह हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं लोकप्रियता का ही परिणाम कहा जा सकता है। भारत में तो अब नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत डाक्टरी,





इंजीनियरिंग आदि की पुस्तकें भी हिंदी में लिखी जा रही हैं। यहां तक कि न्यायालयों में निर्णय भी हिंदी में लिखे जाने लगे हैं। इस सबको देखते हुए अब कोई भी इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि विश्व की सर्वाधिक बोली, पढ़ी एवं लिखी जाने वाली भाषाओं में हिंदी भी अपना स्थान बना चुकी है। अब आवश्यकता इस बात की है कि हिंदी के प्रचार व प्रसार को और अधिक बढ़ावा दिया जाये ताकि उसे विश्व में और भी ऊंचा स्थान प्राप्त हो सके।

**तो आइये आज 'विश्व हिंदी दिवस' पर हम इसी बात का संकल्प लें।**

**-हुक्का बिजनौरी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**

**संख्या : 28/न.पा.परि.बि./2025-26** **दिनांक : 05.01.26**

**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 ( 1 )/147 ( 1 ) नगर पालिका अधिनियम-1916**

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-49 मौहल्ला सिविल लाइन द्वितीय, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री विनोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री कृष्ण मुरारी अग्रवाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में श्री अंशुल कुमार पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार मौहल्ला सिविल लाइन द्वितीय बिजनौर के द्वारा बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रूफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति हो तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त सन्दर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

# गांव में चौपाल लगाकर समस्याएं सुनीं

**नांगल सोती (चिंगारी)।** भाजपा सरकार की नीति आपकी सरकार, आपके द्वार के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लालपुर मान उर्फ मानपुर में शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल की अध्यक्षता में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें कई अधिकारी मौजूद रहे।

ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने पथ प्रकाश हेतु गांव में लाइटें लगवाने एवं जलभराव की समस्या का एक सप्ताह में निराकरण करा देने का ग्रामवासियों को आश्वासन दिया। ग्रामवासियों ने बीते वर्ष पशुओं को मुंहपका-खुरपका के टीके न लगाये जाने का मामला उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि इस कारण उनके पशुओं को इस गंभीर बीमारी का लम्बे समय तक सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार की पेंशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड आदि को लेकर आ रही समस्याओं को भी ब्लॉक प्रमुख एवं अधिकारियों के समक्ष रखा। ब्लॉक प्रमुख ने सभी समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।



ग्रामीणों की समस्याएं सुनते ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ आदि

ग्राम चौपाल की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा अपने कार्यकाल में गरीब लोगों की मदद के लिये कई नवीन योजनाओं को शुरू किया गया है, जिन्हें पूर्ववर्ती सरकारों ने कोई तवज्जो नहीं दी थी। ऐसी योजनाओं में आयुष्मान कार्ड योजना, किसान सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला योजना, नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण योजना आदि प्रमुख हैं। भाजपा सरकार के लिये जनहित, गरीबहित, किसान-मजदूर हित ही सर्वोपरि है। खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार तेवतिया, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) अतुल कुमार, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) जेपी सिंह सहित कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# रोडवेज बस की चपेट में आकर फेरी वाला घायल

**बरुकी (चिंगारी)।** बिजनौर-कोतवाली रोड पर ग्राम बरुकी के निकट संगम पैलेस के सामने शुक्रवार शाम रोडवेज बस की चपेट में आकर एक फेरी वाला गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए।

बरुकी निवासी राहुल पुत्र स्वर्गीय निहाल सिंह ठेले पर जलेबी-पकौड़ी बनाकर आसपास के गांवों में फेरी लगाता है। शुक्रवार की शाम फेरी से लौटते समय जैसे ही वह संगम पैलेस के पास पहुंचा, सामने से आ रही रोडवेज बस की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि राहुल और उसकी ठेली सड़क किनारे जा गिरे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद रोडवेज चालक बस लेकर मौके से निकल गया। पुलिस ने संबंधित रोडवेज बस को बिजनौर रोडवेज डिपो से लाकर कोतवाली शहर थाने में खड़ा करवा लिया है। बरुकी चौकी प्रभारी सुभाष राणा ने बताया कि घायल का इलाज जारी है। बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# आवारा कुत्ते और बंदर आतंक मचा रहे शहर के अंदर

**चांदपुर (चिंगारी)।** चार तीन दिन पूर्व शिवाला कलां क्षेत्र के ग्राम आराजी भैंसा में आवारा कुत्तों द्वारा एक 3वर्षीय बच्ची को मौत की नींद सुला देने की दिल दहलाने वाली घटना से नगरवासी भी खौफजदा हैं। नगर में भी इन दिनों सैकड़ों की संख्या में आवारा कुत्ते बेखौफ होकर सड़कों पर घूमते हैं। लोगों का कहना है कि यदि नगर पालिका प्रशासन ने शीघ्र ही इन आवारा कुत्तों व बंदरों को पकड़ने का इंतजाम नहीं किया, तो नगर में भी आराजी भैंसा जैसी घटना हो सकती है।



बकरा ईद पर भी आवारा कुत्तों ने कुर्बानी के लिए लाये गये तीन बकरों पर हमला कर दिया था, जिसमें दो बकरों की मौत हो गई थी।

नगर के लगभग सभी मुहल्लों में आवारा कुत्तों व बंदरों के झुंड घूम रहे हैं। बंदरों की वजह से जहां कड़ाके की ठंड के बावजूद लोगों का अपने मकानों की छतों पर बैठना व कपड़े सुखाना मुश्किल हो रहा है, आवारा कुत्तों के डर से लोग अपने छोटे बच्चों को घर से बाहर भेजते हुए डर रहे हैं।

## बंदरों और आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाये-डा. सत्येन्द्र



**समाजसेवी डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा ने नगरपालिका प्रशासन से नगर में बंदरों व आवारा कुत्तों को पकड़ने की व्यवस्था किये जाने की मांग की, ताकि नगरवासियों को निजात मिल सके।**

# गुलदार को ललचाने के लिए पिंजरे में दो मुर्गे बांधे



पिंजरे को घास-फूंस , पत्तियों से ढकते वनकर्मी

**नांगल सोती (चिंगारी)।** आश्वासन को पूरा करते हुए वनकर्मी बीती शाम हेमेन्द्र चौधरी के खेत / पशुशाला पर पहुंचे तथा पिंजरे में दो जिन्दा मुर्गे बांधकर उसे प्राकृतिक रूप देने के लिये घास-फूंस से ढक दिया।

नांगल सोती में गंगा घट्टी के समीप सामाजिक कार्यकर्ता हेमेन्द्र चौधरी की अपने खेत के बाहरी हिस्से में पशुशाला बनी हुई है। गुलदार ने उक्त पशुशाला में हमला करके पिछले वर्ष 28/29 अक्टूबर की रात्रि में एक बछिया (गौवंश) को मार डाला था, तब खेत में पिंजरा लगाया गया था। गुलदार फिर पशुशाला के करीब देखा गया था। हेमेन्द्र चौधरी ने इसकी सूचना वन विभाग की राजगढ़ रेंज को दी थी। कल शाम 5 बजे स्थानीय वन रक्षक मेघनाथ सिंह के नेतृत्व में कई वनकर्मी खेत पर पहुंचे तथा पिंजरे को वन क्षेत्र से सटी खेत की सीमा पर रखकर उसके अंदर गुलदार को ललचाने के लिये दो जिन्दा मुर्गे बांधे।


### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि चिंगारी सांध्य दैनिक में प्रकाशित किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार-पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार-पत्र ऐसे विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। -प्रकाशक**


# संदीप शर्मा के भाकियू में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी- सुनील प्रधान

**हल्दौर (चिंगारी)।** जेपी ऑटो मोबाइल्स के स्वामी संदीप शर्मा द्वारा भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का शानदार स्वागत व अभिनंदन आयोजित किया गया। समारोह में जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान द्वारा संदीप शर्मा को भाकियू की सदस्यता ग्रहण कराई गई।

शुक्रवार की अपराह्न जेपी ऑटो मोबाइल्स पर आयोजित भव्य स्वागत समारोह में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने जेपी ऑटो मोबाइल्स के स्वामी संदीप शर्मा के गले में यूनियन का पटका डालकर उन्हें भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने हमेशा किसानों, गरीबों व मजदूरों की लड़ाई लड़ी है, संगठन किसी भी किसान का शोषण और उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करता है। उन्होंने कहा कि जेपी ऑटो के स्वामी संदीप शर्मा के भाकियू से



भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का माला पहनाकर स्वागत करते संदीप शर्मा

जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिली है, क्योंकि संदीप शर्मा व्यापारी व किसान के साथ-साथ एक अच्छे समाजसेवी भी हैं। वह नि:स्वार्थ भाव से समाजसेवा में अपना अहम योगदान देते हैं। वह हल्दौर में सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक हैं। संदीप शर्मा ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान एक कर्मठशील व्यक्ति हैं, जिनके कार्यकाल में किसानों को पूरा मान-सम्मान मिल रहा है। भाकियू से जुड़कर वह भी संगठन और किसानों की आवाज को और बुलंद करने का कार्य करेंगे। प्रदेश महासचिव रामौतार सिंह की अध्यक्षता एवं मुनिदेव सिंह के संचालन में आयोजित समारोह में धर्मेंद्र सिंह राणा, रोहित प्रधान, पुनीत शर्मा पुत्री, चरण सिंह सैनी, अरुण कुमार, अश्वनी राज, इकबाल मलिक, केके चंद्रा, काले सिंह, योगराज सिंह, महाराज सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व किसान उपस्थित रहे।

# ट्रम्प का गुरूर तोड़ने की आवश्यकता

**स्योहारा ( चिंगारी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके आवास से बलपूर्वक उठा लाने के घटनाक्रम के बीच रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत को फिर चेतावनी दी है। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है, पीएम मोदी जानते थे कि मैं भारत के रूस से तेल खरीदने को लेकर खुश नहीं हूं। मुझे खुश करना जरूरी है। अगर भारत रूसी तेल की खरीद जारी रखता है, तो उस पर टैरिफ बढ़ाये जा सकते हैं। ट्रम्प के इस बयान को लेकर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है।



## भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा

**भारत के प्रति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन उनकी घटिया मानसिकता को दर्शाती है। नया भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा। हम जबाब देंगे। डोनाल्ड ट्रंप पगला गया है, उसका अंत बहुत बुरा होगा।**

**–आलोक अग्रवाल, भाजपा नेता**

## ट्रम्प का मानसिक संतुलन ठीक नहीं



व्यापारी वर्ग प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है, जबाब दिया जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। अमेरिका को उनका उपचार कराना चाहिए। भारत कोई घास नहीं जिसे जो चाहे चर जाए।

**–संजय जैन, व्यापारी**

## ट्रम्प को खुश करने की जरूरत नहीं



प्रधानमंत्री मोदी को ट्रम्प को खुश करने की कोई जरूरत नहीं है। 140 करोड़ लोगों का देश एक साथ खड़ा है। ये आत्मनिर्भर भारत है, किसी के आगे नहीं झुकेगा। राष्ट्रपति ट्रम्प का गुरूर तोड़ने की आवश्यकता है।

**डॉ. मनोज वर्मा**

## पीएम मोदी को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए



ये सब देश की खराब कूटनीति के कारण हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डोनाल्ड ट्रंप को उसी भाषा में जबाब देना चाहिए। अमेरिका की वस्तुओं का बहिष्कार होना चाहिए।

**–रजत रस्तौगी उर्फ सैंकी**

**प्रस्तुति : अश्मनी विश्नोई**



## आपके अनुसार..

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके आवास से बलपूर्वक उठा लाने के घटनाक्रम के बीच रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत को फिर चेतावनी दी है। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है, 'पीएम मोदी जानते थे कि मैं भारत के रूस से तेल खरीदने को लेकर खुश नहीं हूं। मुझे खुश करना जरूरी है। अगर भारत रूसी तेल की खरीद जारी रखता है, तो उस पर टैरिफ बढ़ाये जा सकते हैं। यह भारत के लिये बहुत बुरा होगा।'

**आपके अनुसार क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिये अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को खुश करना जरूरी है?**

**अपनी राय हमें लिखकर भेजिये।**

मो. 9927500701 पर व्हाट्सएप करें या dainikchingari@gmail.com पर Email भेजें।

**–संपादक**

# आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग



**चांदपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को नगर स्थित गन्ना समिति में आयोजित भाकियू की मासिक पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह की अध्यक्षता एवं राहुल चिकारा के संचालन में आयोजित पंचायत में खेतों में खड़ी फसलों को नुक्सान पहुंचा रहे व सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे आवारा पशुओं को पकड़वाकर पशुशाला में भिजवाये जाने तथा ग्रामीण क्षेत्र के जंगलों में आतंक का पर्याय बन रहे गुलदारों को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाये जाने की मांग की गई। साथ ही 14 दिन के भीतर गन्ने का भुगतान करने की मांग की गई। पंचायत में भाकियू के तहसील अध्यक्ष चौधरी हरिराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद याकूब, लुधियान सिंह, मंडल महासचिव प्रिंस चौधरी, मोहित चौधरी, विजय प्रधान, नफीस सैफी, महताब अहमद, नैपाल प्रधान, चंद्रपाल सिंह, मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ सहित बड़ी संख्या में भाकियू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बजट 2026 : संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से होगा शुरू

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत सरकार की सिफारिश पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2026 के बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। यह सत्र 28 जनवरी 2026 को शुरू होगा और 2 अप्रैल 2026 तक चलेगा। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी 2026 को समाप्त होगा और संसद 9 मार्च 2026 को फिर से एकत्रित होगी, जो सार्थक बहस और जनकेंद्रित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वर्ष 2026 में चार ग्रहण लगेंगे

## भारत में केवल एक ग्रहण ही होगा दृश्य

**उज्जैन ( एजेंसी/चिंगारी )।** खगोलीय घटनाओं के अनुसार वर्ष 2026 में कुल चार ग्रहण होंगे, लेकिन इनमें से भारत में केवल एक ही ग्रहण दिखाई देगा। यह जानकारी उज्जैन स्थित शासकीय जीवाजी वैधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने दी। डॉ. गुप्त ने बताया कि वर्ष 2026 का पहला आंशिक सूर्य ग्रहण 17 फरवरी को होगा। यह ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देगा। इसका प्रारंभ दोपहर 03 बजकर 26 मिनट 06 सेकंड पर होगा, मध्यकाल 05 बजकर 41 मिनट 09 सेकंड तथा मोक्षकाल सायंकाल 07 बजकर 57 मिनट 06 सेकंड पर रहेगा। यह ग्रहण अर्जेंटीना, चिली, दक्षिण अफ्रीका और अंटार्कटिका में दिखाई देगा। इसकी कुल अवधि 4 घंटे 31 मिनट की होगी।

उन्होंने बताया कि वर्ष का दूसरा ग्रहण 03 मार्च 2026 को पूर्ण चंद्र ग्रहण के रूप में होगा, जो सैद्धांतिक रूप से भारत में दृश्य माना गया है। इस ग्रहण का प्रारंभ दोपहर 03 बजकर 19 मिनट 07 सेकंड पर, मध्यकाल सायंकाल 05 बजकर 03 मिनट 07 सेकंड पर और मोक्ष सायंकाल 06 बजकर 47 मिनट 06 सेकंड पर होगा। यह ग्रहण भारत के अलावा पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर और अमेरिका में भी दिखाई देगा।

हालांकि डॉ. गुप्त ने स्पष्ट किया कि उज्जैन में यह चंद्र ग्रहण व्यावहारिक रूप से नहीं देखा जा सकेगा। उस दिन सूर्यास्त 06 बजकर 31 मिनट पर होगा और चंद्रमा आंशिक ग्रहण की अवस्था में उदय करेगा। ग्रहण का मोक्ष 06 बजकर 45 मिनट 06 सेकंड पर हो जाएगा, जिससे चंद्रमा के स्पष्ट रूप से दिखाई देने से पहले ही ग्रहण समाप्त हो जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि तीसरा पूर्ण सूर्य ग्रहण 12 और 13 अगस्त 2026 की मध्यरात्रि को होगा, जो भारत में दिखाई नहीं



देगा। इस ग्रहण का प्रारंभ रात्रि 09 बजकर 04 मिनट 03 सेकंड पर, मध्यकाल 11 बजकर 15 मिनट 09 सेकंड पर तथा मोक्षकाल 13 अगस्त को रात्रि 01 बजकर 27 मिनट 09 सेकंड पर होगा। यह ग्रहण पश्चिमी यूरोप, पश्चिम अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, उत्तरी अटलांटिक और उत्तरी प्रशांत महासागर में दिखाई देगा। इसकी अवधि भी 4 घंटे 31 मिनट की रहेगी। वर्ष का अंतिम आंशिक चंद्र ग्रहण 28 अगस्त 2026 को होगा। इसका प्रारंभ रात्रि 08 बजकर 03 मिनट 05 सेकंड पर, मध्यकाल 09 बजकर 42 मिनट 09 सेकंड पर और मोक्षकाल 11 बजकर 22 मिनट 03 सेकंड पर होगा। यह ग्रहण अंटार्कटिका, अफ्रीका, यूरोप, एशिया तथा हिंद, अटलांटिक और प्रशांत महासागरों में दिखाई देगा, लेकिन भारत में यह दृश्य नहीं होगा।

# राम वनवास की कथा सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें हुईं नम

## जीवन जीने की कला है राम कथा- सुदर्शन जी





**नहटौर (चिंगारी)।** श्री चामुंडा धाम प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में कथा व्यास राजकुमार सुदर्शन जी महाराज ने प्रभु श्रीराम के वनवास गमन की मर्मस्पर्शी कथा सुनाई। शुक्रवार को श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा व्यास सुदर्शन जी महाराज ने व्याख्यान करते हुए बताया कि जब राजा दशरथ ने रानी कैकेयी के दो वचनों को स्वीकार किया, तो मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने सहर्ष राजपाट त्याग कर पिता के वचनों को निभाने के लिए वनवास स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि राम कथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने बताया कि रामायण में प्रभु राम ने सत्ता के मोह को त्याग कर पितृ-भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया और भरत का प्रेम और लक्ष्मण का भाई के प्रति समर्पण हमें रिश्तों की अहमियत सिखाता है। राम कथा हमें कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का मार्ग न छोड़ने का का संदेश देती है। कथा के दौरान जब महाराज जी ने भजनों के माध्यम से वनवास का चित्रण किया, तब कथा सुन रहे श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का वनवास केवल एक वन यात्रा नहीं थी। बल्कि असुरों के विनाश और धर्म की स्थापना का मार्ग था। कथा के सातवें दिन के यजमान परमाल चौधरी व उनकी पत्नी बबीता देवी तथा आशु भार्गव व उनकी पत्नी ऋचा भार्गव रहीं। इस अवसर पर अशोक चंद्रा, विपिन वर्मा, रमन गोयल, मुकेश अग्रवाल बॉबी, सुमित अग्रवाल, मुकेश चंद्रा, विशाल वर्मा, मोनू अग्रवाल, अमन वर्मा, दयाराम सैनी, आरव वर्मा, भूपेंद्र चौधरी, सचिन कुमार, जतिन चंद्रा आनन्दपाल सिंह, गौरव कुमार, प्रियांशु कुमार, आकांश सैनी, निकुंज वर्मा, कान्हा, अंगद कुमार, लकी चंद्रा, निश्चल त्यागी, प्रदीप अग्रवाल, रतन सिंह सैनी, पवन अग्रवाल, उमाशंकर शर्मा, वंश वर्मा, आर्यन चंद्रा, हीरो गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों का सहारा बने व्यापारी



**धामपुर (चिंगारी)।** भीषण सर्दी के बीच जरूरतमंदों की मदद के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल धामपुर आगे आया और शहर के बाहर स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले असहाय परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इस सेवा अभियान के तहत लगभग 50 परिवारों को 75 रजाइयां, जैकेट, जर्सी तथा फल आदि वितरित किए गए।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने कहा कि व्यापार मंडल केवल व्यापार से जुड़ा संगठन नहीं है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाना भी उसका अहम उद्देश्य है। मुरादाबाद मंडल प्रभारी/अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी और नगर अध्यक्ष एस.पी. सलूजा ने बताया कि संगठन द्वारा लगातार समाजसेवी कार्य किए जा रहे हैं। व्यापार मंडल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के साथ खड़ा रहना है। झुग्गियों में रहने वाले लोगों ने व्यापार मंडल के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में रजाइयों और गर्म कपड़ों से उन्हें बड़ी राहत मिली है। कई परिवारों ने बताया कि उनके पास ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन नहीं थे और यह मदद उनके लिए बहुत सहायक साबित हुई। इस अवसर पर मुनीश गर्ग, असलम फरीदी, सुहैल डिजाइनर, शिवेंद्र अग्रवाल, सलमान फरीदी, हैदर अली आढ़ती, एडवोकेट अमित गुप्ता, मोहम्मद आसिफ, रविंदर सिंह सिडाना, रोमियो मयूर मौजूद रहे।

# मैजिक चालक ने किशोरी से की छेड़छाड़, पीटकर पुलिस को सौंपा

**नूरपुर (चिंगारी)।** जनपद अमरोहा के थाना क्षेत्र नौगांवां सादात की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की अपराह्न 3 बजे वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ छोटे हाथी (मैजिक) में एक भैंस लेकर अपने गांव लौट रही थी। वाहन के पीछे महिला का पति बाइक से आ रहा था।

महिला का आरोप है कि वह कस्बे में पशु बाजार के पास बेटी के लिए खाने का कुछ सामान लेने के लिए उतरी। इस दौरान मैजिक चालक ने अकेली बैठी नाबालिग के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। सामान लेकर लौटी महिला ने बेटी को रोता देख मामला पूछा तो बेटी ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद दंपति ने चालक की जमकर पिटाई करते हुए पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर कार्यवाही करते हुए स्योहारा के मोहल्ला मंसूर सराय निवासी चालक महबूब के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# कोर्ट के आदेश पर दुकान का कब्जा दिलाया



## मालिक ने दिन में अपना बोर्ड लगवाया, रात्रि में दुकान पर बुलडोजर चलवाया

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर नगर के व्यस्ततम नगीना चौराहा स्थित एक दुकान को पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर कोर्ट के आदेश पर खाली कराकर भवन स्वामी को कब्जा दिला दिया है। इस दौरान किरायेदार और उसके परिजनों ने विरोध करते हुए हंगामा किया, जिससे नगीना चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए मौके से दो महिलाओं सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया और कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई कराई। इसके बाद भवन स्वामी ने दुकान का कब्जा लेकर अपनी फ्लैक्सी लगा दी है। उधर, रात के अंधेरे में भवन स्वामी द्वारा संबंधित दुकान पर बुलडोजर भी चलवा दिया गया है। भवन स्वामी की इस कार्रवाई से लोग भोचक्के रह गए।

प्राप्त विवरण के अनुसार नगीना चौराहा पर मुहल्ला बाड़वान निवासी शक्ति गोस्वामी पुत्र छत्रपति गोस्वामी पिछले लगभग 16 वर्षों से ओम टी स्टाल के नाम से दुकान चला कर अपने परिवार की गुजर बसर कर रहा था। बताया जाता है कि उन्होंने दुकान को नगर के ही कृष्णपाल सिंह से किराये पर लिया था, लेकिन दोनों पक्षों में दुकान खाली कराने को लेकर वर्ष 2011 से विवाद न्यायालय में चल रहा था। इस संबंध में एक वाद नगीना सिविल न्यायालय में भी चल रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय का फैसला कृष्णपाल सिंह के पक्ष में आया, जिस पर न्यायालय द्वारा छह जनवरी को अमीन विमल कुमार को तैनात करके कब्जा दिलाने के आदेश दिये गये थे। इस आदेश को लेकर शुक्रवार शाम कार्रवाई के लिए पुलिस फोर्स को लेकर दुकान खाली कराने और कब्जा दिलाने मौके पर पहुंचे।

पुलिस कार्रवाई के दौरान किरायेदार 60 वर्षीय छत्रपति गोस्वामी पुत्र ओमप्रकाश, उनके बेटे शक्ति गोस्वामी व रवि और परिवार की दो महिलाओं रूपा पत्नी शिव कुमार व मधुरानी पत्नी शक्ति गोस्वामी ने विरोध करके काफी देर तक हंगामा किया। इस पर पुलिस ने सभी को न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई होने की बात कहते हुए समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। जिसके चलते पुलिस ने पांचों को हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया। उधर कोतवाली पुलिस ने कार्वाई करते हुए किरायेदार का सामान उन्हें सौंप कर दुकान खाली कराकर भवन स्वामी को कब्जा दिला दिया। पुलिस द्वारा पांचों आरोपियों के खिलाफ शांति भंग के आरोप में विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा दुकान स्वामी को कब्जा दिलाए जाने के बाद रात्रि में बुलडोजर चला कर कब्ज लिये गये भवन को जमीन दोज कर दिया गया और वहां भवन स्वामी ने अपना बोर्ड लगा दिया।

# विहिप और बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा नगर के हृदय स्थल शहीद ए आज़म भगत सिंह चौक पर शौर्य दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विहिप के जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा ने बताया कि 8 अक्टूबर 1984 को अयोध्या में राम जानकी रथ यात्रा निकाली जानी थी, तब वहां प्रशासन ने सुरक्षा देने को मना कर दिया था। तब रथ यात्रा को सुरक्षा देने हेतु बजरंग दल की स्थापना की गई।

उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सेवा ,सुरक्षा एवं मठ मंदिर के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि 500 वर्ष के संघर्ष के बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण हो सका है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की भी निंदा की और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांग की है कि शीघ्र ही बांग्लादेश के अंदर हिंदुओं के हितों की रक्षा की जाए। इस अवसर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष पंकज वर्मा ,नगर अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू ,नगर उपाध्यक्ष अमित शर्मा व सौरभ मालपानी, नगर सत्संग प्रमुख अंकित चौहान, राजीव कुमार ,नरेश कुमार ,मनोज कुमार, राघव कुमार, विवेक कुमार ,प्रशांत कुमार, पारस कुमार, नमन जैन उपस्थित रहे।

# सभी कार्यकर्ता अपना बूथ करें मजबूत- कपिल देव अग्रवाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल के लाहोटी मार्केट स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचने पर फूल-मालाओं से स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने, अपने-अपने बूथों को मजबूत करने के लिए सभी हिंदू संगठनों के साथ अन्य संगठनों के पदाधिकारियों को पार्टी से जोड़कर मजबूती के लिए कार्य करने, नजीबाबाद विधानसभा सीट जीतने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से मेहनत करने, एसआईआर में जिन मतदाताओं के नाम कटे हुए उन्हें जोड़ने के कार्य में सहयोग करने, पार्टी की नीतियों व योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। इस



प्रभारी मंत्री कपिल देव का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत करते नकुल अग्रवाल।

## प्रभारी मंत्री का नगर अध्यक्ष के आवास पर सम्मान

मौके पर भाजपा के नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने अपने परिवार के साथ प्रभारी मंत्री को प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनकर उनका संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर हल कराने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं से मिली शिकायतों के बाद एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ नितेश प्रताप सिंह व थाना प्रभारी राहुल कुमार को मौके पर बुलाकर उनसे सभी लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समय से समाधान करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने थाना प्रभारी राहुल कुमार को कार्यप्रणाली में सुधार लाने व सभी की समस्याएं सुनकर न्याय संगत कार्य करने को कहा। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, जिलामंत्री बलराज त्यागी, सुधीर भुईयार, संजय सैनी, अभिषेक यादव, ऐश्वर्य ऐरन, नितिन वैद्य, संजीव अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सूरज चौधरी आदि मौजूद रहे।

# मंडावली क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन पर भाकियू ने जताया आक्रोश

### 13 जनवरी तक कार्रवाई ना होने पर धरने की धमकी

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) ने मंडावली थाना क्षेत्र में नदी सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार हो रहे अवैध मिट्टी व बालू खनन को लेकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह ने एसडीएम के नाम तहसीलदार व सीओ को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 13 जनवरी तक अवैध खनन बंद नहीं कराया गया तो तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। संगठन का कहना है कि शासन के निर्देशों के बावजूद जेसीबी व भारी मशीनों से दिन-रात अवैध खनन किया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टरों व डंपरों से मिट्टी व बालू की ढुलाई खुलेआम हो रही है,



जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। इससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। भाकियू ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर रोक लगाई जाए, दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। इस मौके पर रामोद कुमार व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू, नगर अध्यक्ष जलालाबाद मोहम्मद रफीक, राज कुमार फौजी, सोहेल खान, सुंदर सिंह, मोहम्मद जाकिर, नईम अहमद, मोहम्मद इरफान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



आईआईबीए के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए।

## स. जसविंदर सिंह ढिल्लो पौड़ी गढवाल के जिलाध्यक्ष बने

नजीबाबाद (चिंगारी)। आईआईबीए की एक बैठक का आयोजन कोतवाली मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट पर किया गया, जिसमें उत्तराखंड से आए आईआईबीए के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने उत्तराखंड में प्रस्तावित एवं स्थापित होने वाले उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जसविंदर सिंह ढिल्लो को जिलाध्यक्ष पौड़ी गढ़वाल नियुक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड में उद्योगों को स्थापित करने के दौरान जो भी समस्याएं सामने आती हैं, उनके समाधान के लिए संगठन पूरी तत्परता से कार्य करेगा। उन्होंने अधिक से अधिक उद्योगपतियों को उत्तराखंड में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि संगठन उद्योगों के हित में हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। बैठक में संगठन की आगामी योजनाओं पर सौहार्दपूर्ण विस्तृत चर्चा की गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से शरद शर्मा (मीडिया प्रभारी), मिथुन भारती, अनुज वर्मा, कृष्ण कुमार कौशिक, मौहम्मद दानिश अशरफ, आलोक सिंघल, विक्की, धर्मपाल राजपूत (पूर्व प्रधान), मलखान सिंह, रावत, कुलवंत एडवोकेट, राजीव, राजेंद्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# देशवासियों की आज़ादी छीन लेना चाहती है भाजपा- आब्दी



बिजनौर(चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता एंव पूर्व मंत्री मौलाना जावेद आब्दी ने कहा कि भाजपा देश के लोगों की आजादी छीन लेना चाहती हैं। भाजपा का मकसद समाज में नफ़रत फैला कर सत्ता में बने रहना हैं। शुक्रवार को बिजनौर में अली डे पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आये जावेद आब्दी का सपा नेता शमशाद अंसारी के आवास पर शानदार स्वागत हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारियो में जुटने का आह्वान किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री आब्दी ने कहा कि भाजपा नफ़रत फैलाकर समाज को बाटना चाहती हैं। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की वजह से देश का भविष्य खतरे में हैं, इसे बचाने के लिए सर्वसमाज के लोग अखिलेश यादव को उम्मीद भरी नज़रो से देख रहें हैं। इस मौके पर अख़लाक़ पप्पू, कामरान जैदी, सभासद मुस्तकीम अहमद, शादाब एड., काशिफ खान, फहीम ठेकेदार, आसिफ अब्बासी, नवाज़िश अंसारी, निज़ाम अंसारी, शेख़ नदीम, नदीम अहमद, शोएब अंसारी, शेख फरमान, शेख जीशान, अरशद, अरसलान एड. शाहबाज़ चौधरी, ताहिर अंसारी, अज़हर बुखारी, बाबू ठेकेदार, मुस्तफा ठेकेदार, इरफ़ान सेठ, ग्राम प्रधान इकरार अहमद, सरफराज अंसारी, शाकिब अंसारी, मुस्तफ़ा मलिक, महफूज मलिक, जीशान मलिक, अज़हर तुर्क, फैजान तुर्क, शहज़ाद आलम, शादाब कुरैशी, आलम कुरैशी, मुस्तकीम कुरैशी, इंतज़ार कुरैशी, मुशीर कुरैशी, आसिफ सलमानी, फाययाज सलामानी, दानिश सलमानी, अंजार राईन, जीशान राईन, सलीम राईन, जाहिद राईन, अकरम राईन, रईस अब्बासी, सलीम अब्बासी, डॉ. अज़ीम, डॉ. अहते शाम, डॉ. सुलेमान, डॉ. राहुल वर्मा, डॉ. आबिद शेख, महबूब, उज़ेफ़ा, अनस राईन, आयान अंसारी, नईम अहमद, निज़ाम अहमद आदि मौजूद रहे।

# छोटी सी पंचायत में कैसे बढ़ गये इतने मतदाता, नहीं किया घर-घर सर्वे



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राहूखेड़ी कोरा से ग्राम प्रधान पद के भावी उम्मीदवार आकिफ हुसैन ने ग्रामवासियों के साथ एसडीएम शैलेंद्र सिंह से मुलाकात कर उन्हें एक शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया है कि ग्राम राहूखेड़ी कोरा एक छोटी सी पंचायत है। हाल ही में ग्राम पंचायत की वर्ष 2025 की नयी मतदाता सूची जारी हुई है। जिसमें जरूरत से ज्यादा मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है, जो शंका पैदा करती है। जब इस बाबत उन्होंने अपनी पंचायत के बीएलओ से बात की तो उन्होंने जवाब दिया कि जितने भी नये मतदाता सूची में जोड़े गये हैं, उनका मौजूदा ग्राम प्रधान व प्रधान पद के दावेदारों की मौजूदगी में उनसे बात करके जोड़े गये है। इस पर उन्होंने बीएलओ से घर घर जाकर सर्वे करने की मांग की तो बीएलओ पल्ला झाड़ते नजर आये। उन्हें यकीन है कि नयी मतदाता सूची में ग्राम पंचायत से बाहर का इधर उधर का फर्जी वोटर जोड़ा गया है। एसआईआर के बाद जो मतदाता सूची जारी हुई है उसमे लगभग 850 मतदाता है जबकि पंचायत की वर्ष 2021 की मतदाता सूची लगभग 1015 की थी। आंशका है कि नयी वर्तमान मतदाता सूची में ग्राम पंचायत से बाहर का फर्जी मतदाता भी सम्मिलित है,

# बि.टा. व चिंगारी की मुहिम रंग लाई, प्रशासन ने सिक्कावाला गौशाला की भूमि कब्जामुक्त कराई

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** ग्राम पंचायत सिक्कावाला की गौशाला में भूख व ठण्ड से हुई गौवंश की मोतों और गौशाला की 84 बीघा भूमि अवैध कब्जा धारकों द्वारा कब्जाए जाने का प्रकरण बिजनौर टाइम्स समूह के समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद से जिला प्रशासन एक्शन मोड में है। अधिकारियों द्वारा गौशाला के निरीक्षण के बाद शुक्रवार को राजस्व विभाग नगीना की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में गौशाला की भूमि को अवैध कब्जा धारकों से कब्जामुक्त कराकर भूमि को ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सिक्कावाला द्वारा संचालित गौशाला बीते एक सप्ताह से भूख और ठंड से गौवंश की मौत और गौशाला की भूमि पर अवैध कब्ज़ों को लेकर लगातार सुर्खियों में है। गौशाला की 84 बीघा भूमि है। जिस पर लोगों ने अवैध कब्जे करके उस पर फसलें बो रखी हैं। गौशाला का इतना बड़ा रकबा होने के बाद भी बीते 4 माह से गौशाला में मौजूद गौवंश सूखा भूसा खा-खाकर अत्यंत दयनीय हालत में पहुंच गए थे। भूख और ठण्ड की मार से संघर्ष करते हुए एक सप्ताह में ही 7 गौवंश ने दम तोड़ दिया था।



गौशाला की भूमि को कब्जामुक्त कराती राजस्व विभाग की टीम

## ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दी

भूख और ठण्ड से हो रही गौवंश की मौतों का प्रकरण जब बिजनौर टाइम्स समूह के समाचार पत्रों बिजनौर टाइम्स और सांध्य दैनिक चिंगारी में सुर्खियां बना तब कहीं जाकर जिम्मेदार अफसरों ने बेजुबान गौवंश की सुध ली तथा व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद जिला प्रशासन ने गौशाला की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए भी राजस्व विभाग नगीना को निर्देश जारी कर दिए थे। शुक्रवार को राजस्व विभाग नगीना से राजस्व निरीक्षक सतेन्द्र कुमार तथा लेखपाल योगेश कुमार पुलिस बल के साथ गौशाला पहुंचे और गौशाला की भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने के लिए जैसे ही भूमि की पैमाइश का कार्य प्रारंभ किया तभी कुछ अवैध कब्जा धारकों ने पैमाइश का विरोध करना शुरू कर दिया। भूमि की पैमाइश कर रही राजस्व विभाग की टीम ने अवैध कब्जा धारकों की एक नहीं सुनी तथा सांय तक चली कार्यवाही के बाद भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए उसमें मेढ़बंदी करा कर भूमि को फसलों सहित फिल्हाल ग्राम प्रधान अंकित सैनी की सुपुर्दगी में दे दिया है। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि अवैध कब्जा की गई गौशाला की 84 बीघा भूमि को पैमाइश के बाद कब्जा मुक्त कराकर ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। गौशाला की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के दौरान विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष लाल सिंह कश्यप, भाजपा मंडल महामंत्री बढ़ापुर राहुल कश्यप, अमित गुप्ता उर्फ मिक्की, रघुनाथ पाल, राजू सिंह जिला अध्यक्ष श्रीराम सेना संगठन, नितिन प्रजापति, सुरेंद्र कर्णवाल, सोहित गुप्ता आदि दर्शन ऑन व्यक्ति मौजूद रहे।

# वीबी जी राम जी योजना को लेकर जनता को गुमराह कर रहा विपक्ष- कपिल देव

## प्रेस कांफ्रेंस में मंत्री बोले- मनरेगा को समाप्त नहीं, उसमें सुधार किया गया है

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि विपक्ष 'मनरेगा' को लेकर लोगों को गुमराह कर रहा है। सरकार ने मनरेगा को समाप्त नहीं किया, बल्कि इसमें कुछ और सुविधाएं बढ़ाकर इसका नाम बदला गया है। उन्होंने दावा किया कि मनरेगा में जो खामियां थीं उन्हें दूर किया गया है तथा 100 दिन के स्थान पर 125 दिन के काम की गारंटी दी गई है। भ्रष्टाचार की संभावनाओं को दूर कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट स्थित विदुर सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में प्रभारी मंत्री श्री अग्रवाल ने विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन को साकार करने की दिशा में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए 'विकसित भारत — रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वी.बी.जी. आर.एम (विकसित भारत- जी राम जी) अधिनियम, 2025' के सम्बन्ध में विस्तार से बताते हुए दावा किया कि यह अधिनियम ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के इच्छुक व्यस्क सदस्यों को प्रति वित्तीय वर्ष में 125 दिनों की मज़दूरी (रोज़गार) की वैधानिक गारंटी दी गई है, जिससे ग्रामीण बेरोजगारी पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी कार्य विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से कराए जाएंगे, जिन्हें जीआईएस आधारित गति-शक्ति प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। प्रभारी मंत्री ने यह भी कहा कि कृषि कार्यों को ध्यान में रखते हुए बुआई व कटाई के व्यस्त समय में कृषि श्रम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। वहीं, पर्वतीय राज्यों के लिए 90-10 और अन्य राज्यों के लिए 60-40 के अनुपात में केंद्र-राज्य वित्तीय साझेदारी तय की गई है। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, सैटेलाइट आधारित निगरानी, मोबाइल डैशबोर्ड प्रणाली को लागू किया जाएगा। साथ ही, समय पर काम न मिलने की स्थिति में पात्र परिवारों को बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान किया गया है। एक प्रश्न के उत्तर में प्रभारी मंत्री ने कहा कि योजना के तहत प्रधानों द्वारा केवल अपने लोगों को काम दिलाने पर अंकुश लगाकर पात्र मजदूरों को पंजीकृत किया जायेगा। यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास होगा कि मज़दूर केवल हाज़िरी न लगाएं, काम करें। प्रभारी मंत्री ने बताया कि पहले मज़दूरों के पैमेंट में देरी होती थी,अब एक सप्ताह के भीतर मज़दूरों के खाते में पैसा आ जाया करेगा, यदि किसी कारणवश देरी होती है तो मजदूरों को ब्याज साहित भुगतान किया जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, डीएम जसजीत कौर, एसपी अभिषेक झा साहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।




# गौ-आश्रय स्थलों पर मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम लागू

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गौ-आश्रय स्थलों पर लगातार निगरानी, प्रबंधन और सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेज गति से जारी है।

अधिकारियों की मानें तो प्रदेश के 75 जनपदों के कुल 6718 ग्रामीण गौ-आश्रय स्थलों में से 65 जनपदों के 4366 गौ-आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। बाकी जनपदों में भी निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किए जाने की कार्यवाही प्रक्रिया में है। साथ ही प्रदेश के हरदोई, आगरा, जालौन सहित 20 जनपदों के विकास भवनों में केंद्रीकृत निगरानी कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जिसके माध्यम से आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखी जा रही है। योगी सरकार निराश्रित गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। गौ-आश्रय स्थलों पर गौवंश के लिए शेड, स्वच्छ भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, खड़ंजा, भूसा भंडार गृह, उपचार कक्ष, प्रकाश और सोलर लाइट जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ और व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गौ-आश्रय स्थलों की बेहतर निगरानी एवं व्यवस्था के समन्वय के लिए राज्य के 20 जनपदों के विकास भवनों में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। हरदोई, आगरा, जालौन, झांसी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, जौनपुर, अयोध्या, आजमगढ़, पीलीभीत, कौशांबी, शामली, बस्ती, अंबेडकरनगर, बलिया, एटा, अमरोहा, फर्रुखाबाद और चंदौली में ये कंट्रोल रूम कार्यरत हैं। शेष जनपदों में भी चरणबद्ध ढंग से यह व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी तंत्र मजबूत होने से गौवंश की देखभाल अधिक व्यवस्थित और जिम्मेदाराना ढंग से हो रही है। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो रही है। गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के साथ-साथ ठंड से सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थलों पर हरा चारा, तिरपाल, काउ-कोट, अलाव, औषधियां, उपचार सुविधा और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।



# हृदय के वॉल्वों में थी लीकेज, बिना सर्जरी के एम्स ने किया इलाज

## 65 वर्षीय वृद्ध को मिला नया जीवन

**राजेश शर्मा**



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश के चिकित्सकों ने एक 65 वर्षीय ऐसे व्यक्ति का जीवन बचाने में सफलता पायी है जिसके हृदय के वॉल्व में लीकेज होने के कारण उसके हृदय की पम्पिंग क्षमता मात्र 20 प्रतिशत रह गयी थी और वॉल्व खराब हो जाने के कारण रोगी ओपन हार्ट सर्जरी करवाने की स्थिति में भी नहीं था। ऐसे में कार्डियोलॉजिस्ट विशेषज्ञों ने अत्याधुनिक और न्यूनतम इनवेसिव तकनीक ट्रांसकैथेटर एज-टू-एज रिपेयर टी.ई.ई.आर. की तकनीक से वॉल्वों की लीकेजे दूर की और माइक्लिप डिवाइस की सहायता से इसमें सफलता पायी। रोगी अब स्वस्थ है और उसे हाल ही में अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। एम्स ऋषिकेश के कार्डियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने हृदय रोग इलाज की यह अत्याधुनिक प्रक्रिया पिछले सप्ताह 30 दिसम्बर को संपन्न की। रोगी तहसील रूड़की के मोहनपुर जट गांव का रहने वाला है। इलाज होने के उपरांत 65 वर्षीय रोगी जगतवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में उनके हृदय में स्टंट पड़ चुके हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से उनकी फिर से सांस फूलने लगी थी और वह चलने-फिरने में भारी दिक्कतों का सामना कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हरिद्वार के विभिन्न चिकित्सालयों ने उनके हृदय के माइट्रल वाल्व में गंभीर लीकेज सीवियर माइट्रल रिगर्जिटेशन होना बताया और तत्काल सर्जरी की आवश्यकता बतायी। परेशानी यह थी कि उम्र ज्यादा होने और पहले भी हार्ट की सर्जरी होने के कारण यह मामला जोखिम भरा था। हरिद्वार में इलाज न मिलने के कारण उन्होंने एम्स ऋषिकेश आना उचित समझा। यहां कार्डियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों द्वारा टी.ई.ई.आर. विधि से उनका इलाज किया गया और अब वह स्वयं को पूरी तरह स्वस्थ महसूस कर रहे हैं। इलाज के बाद रोगी को 3 रोज पहले ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है।

# जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उन स्वयंसेवियों को पुरस्कार दिया

## विद्या मंदिर कॉलेज का रासेयो शिविर समाप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शुक्रवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समाप्त हो गया है। कार्यक्रम का आरंभ विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के गढ़वाल मंडल समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी, विद्यालय अध्यक्ष राजेंद्र जखमोला, उपाध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा, संरक्षक राधेश्याम शर्मा, पूर्व आचार्य सतीश देवरानी व कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। तत्पश्चात आचार्य रोहित बलोदी ने शिविर दिवसों में स्वयंसेवियों द्वारा किये गये क्रियाकलापों की जानकारी दी। रासेयो के गढ़वाल समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के ए, बी और सी प्रमाण पत्र से भविष्य में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बोनस अंक मिलता है, जो उनके भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। अंत में शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवियों को पुरस्कृत किया गया।

# दो को किया जिला बदर



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पुलिस ने गुंडा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए लोक मणिपुर कोटद्वार निवासी प्रदीप तथा शिवराजपुर निवासी बल्लू पुत्र सुखराम को ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ जिला बदर किया। उपनिरीक्षक राजाराम डोभाल ने यह जानकारी दी। इंस्पेक्टर प्रदीप नेगी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध गुंडा अधिनियम के तहत जिलाधिकारी के निर्देश पर दोनों को जिला बदर किया गया है।

# भाजपा काम कर रही शानदार, तभी तो लोग जुड़ रहे लगातार - भट्ट



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में ऋषिकेश के 8 लोगो ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें पूर्व पार्षद से लेकर पूर्व मंडल अध्यक्ष, महामंत्री शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल द्वारा की गई। कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री प्रतीक कालिया रहे। सभी को संगठन के प्रति लगन, मेहनत एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए कार्य करने की शपथ दिलाई गई। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से लोग लगातार जुड़ रहे हैं और पार्टी दिन प्रतिदिन सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं वाली पार्टी बन रही है। भाजपा की कार्यशैली आम जनता को प्रभावित करती है इसलिए, सब लोग पार्टी के साथ जुड़ने के इच्छुक रहते हैं। जिला अध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी व्यक्तियों से जुड़कर कार्य करने वाली पार्टी है। कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना उनको भविष्य के लिए नेतृत्व के रूप में तैयार करना हमारी रीति नीति है। जिला महामंत्री प्रतीक कालिया ने बताया कि भाजपा का अनुशासन ही भाजपा की पहचान है। हमारे द्वारा किए गए कार्य धरातल पर दिखते है। इसलिए जनता हमें एक प्रबल राजनैतिक और सामाजिक संगठन के रूप में पहचानती है। आज पार्टी से जुड़े नए कार्यकर्ताओं को हम सब भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में कु. मुस्कान पार्षद, सुंदर कंडवाल पूर्व पार्षद,मंडल महामंत्री, ऊषा जोशी पूर्व मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, शिखा गोस्वामी, रवि गोस्वामी पूर्व शक्ति केंद्र संयोजक, अभिनव पाल पूर्व मंडल महामंत्री युवा मोर्चा, सुषमा पाल, संजय चिनालिया शामिल रहे।

# उत्तराखण्ड बार काउंसिल के चुनाव में अजय पंत को समर्थन देने का निर्णय

## कोटद्वार बार की बैठक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बार काउंसिल आफ उत्तराखंड के चुनाव में पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन कोटद्वार अजय कुमार पंत ने नैनीताल में काउंसिल के सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। कोटद्वार बार काउंसिल ने इस संबंध में शुक्रवार को आयोजित बैठक में अजय पंत को समर्थन देने का फैसला लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में बार काउंसिल ऑफ़ उत्तराखंड के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इसमें 3 जनवरी से 9 जनवरी तक नामांकन की तिथि रखी गई है तथा 17 फरवरी को मतदान होगा। कहा कि बार एसोसिएशन कोटद्वार ने सदस्य पदके लिए पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पंत को समर्थन देने का निर्णय लिया है। कहा कि उनका नेतृत्व निष्पक्ष, पारदर्शी और अधिवक्ता हितैषी रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ध्यान सिंह नेगी, बृजमोहन चौहान, जसबीर राणा, प्रवेश रावत, सुनील डोबरियाल, अमृतांशु बर्थवाल, सुनील खत्री, रविन्द्र जजेडी, शशिकांत बलूनी, पुष्पेंद्र सिंह, प्रिंस भाटिया, सागर बिष्ट सोहन सिंह, नवीन आर्य, मुकेश कबटीयाल, राकेश कर्णवाल, अखिलेश घीण्डियाल, ललित पटवाल सहित समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग ने किया फर्स्ट रिस्पोंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**लालढांग ( चिंगारी )।** उत्तराखंड परिवहन विभाग द्वारा शुक्रवार को चंडीघाट के चंडी चौक पर फर्स्ट रिस्पोंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता प्राथमिक उपचार और सावधानी के विषय में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण में पहुंचे लोगों व वाहन चालकों को जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से वाहन चालकों को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उनको यह भी बताया गया कि यदि आप दुर्घटना में घायल किसी व्यक्ति की सहायता करते हैं, तो आपको किसी कानूनी प्रक्रिया का सामना नहीं करना पड़ेगा, जिस पर मौके पर उपस्थित वाहन चालकों द्वारा आश्चर्य प्रकट किया गया। क्योंकि नियमों की जानकारी न होने के कारण चालकों में असमंजस की स्थिति बनी रहती है। प्रशिक्षण में उपस्थित चालकों ने प्रशिक्षण से मिली जानकारी का आगे से अपनी ओर से हर संभव सहायता करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर परिवहन कर संभाग अधिकारी भारत भूषण, चंडी पुल मैक्स यूनियन के प्रधान अरविंद कश्यप, परिवहन उप निरीक्षक भगत सिंह, अनुराग, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# सिगरेट व गुटकों की होने लगी कालाबाजारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** फरवरी से तंबाकू सिगरेट और गुटके के दाम बढने की खबर सामने आने के बाद थोक डीलरो ने चलन वाले ब्रांड अंडरग्राउंड कर बैक डोर से कालाबाजारी शुरू कर दी है, जिससे अचानक विक्रेता और ग्राहकों के बीच विवाद देखने को मिल रहा है। कुछ दिन पूर्व अखबारों में खबर आई थी कि फरवरी से सिगरेट गुटखे और तम्बाकू के रेट बढ़ेंगे। इस खबर के बाद अचानक थोक विक्रेताओं ने चलन वाले ब्रांड अंडरग्राउंड कर सिगरेटों की ब्लैक शुरू कर दी। अब बाजार में फुटकर विक्रेता और ग्राहको के बीच महंगे रेट को लेकर विवाद हो यहां है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# चार चरणों में होगा बार काउंसिल का चुनाव

## बिजनौर में प्रथम चरण में 16 व 17 जनवरी को होगा मतदान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का चुनाव चार चरणों में 16 से 31 जनवरी तक होगा होगा, जिसमें 333 प्रत्याशियों के लिए प्रदेश के 249808 अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। बिजनौर जनपद में प्रथम चरण में 16 व 17 जनवरी को मतदान किया जाएगा।

मतदान की तिथियां करीब आने के साथ प्रदेश में चुनावी सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं और प्रत्याशी अधिवक्ताओं से संपर्क करने के लिए दिन-रात भागदौड़ कर रहे हैं । बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव / चुनाव अधिकारी के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित हाई पावर कमेटी की देखरेख में हो रहे चुनाव में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सामान्य निर्वाचन 2025-26 के लिए सदस्य पद हेतु कुल 333 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनके लिए प्रदेश के 249808 अधिवक्ता मतदान करेंगे। यह चुनाव निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति श्री अरविंद कुमार त्रिपाठी, पूर्व न्यायाधीश, हाईकोर्ट इलाहाबाद तथा पर्यवेक्षक, न्यायमूर्ति श्री सुरेंद्र सिंह, पूर्व न्यायाधीश, हाईकोर्ट इलाहाबाद के प्रत्यक्ष निर्देशन में संपन्न हो रहा है। बिजनौर जनपद में प्रथम चरण में 16 व 17 जनवरी को मतदान होगा। बार कौंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में पुन: प्रत्याशी बाबू बलवंत सिंह एडवोकेट ने बताया कि मतदान प्रात: दस बजे से शाम पांच बजे तक होगा। बिजनौर जिला जजी परिसर के अतिरिक्त जनपद के मुंसिफ मुख्यालय नगीना, नजीबाबाद व चांदपुर में भी मतदान केंद्र बनाये गए हैं, जहां अधिवक्ता मतदान कर सकेंगे। दूसरे चरण में 20 व 21 जनवरी, तृतीय चरण में 27 व 28 जनवरी तथा चौथे व अंतिम चरण में 30 व 31 जनवरी को मतदान होगा।

### बाबू बलवंत सिंह 8वीं बार मैदान में

**बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन बाबू बलवंत सिंह आठवीं बार पुन: चुनाव मैदान में हैं। वे अधिवक्ताओं से संपर्क कर उनसे अपने मत का अवश्य प्रयोग करते हुए उन्हें प्रथम वरीयता का मत देने की अपील कर रहे हैं।**


**आवश्यकता है**

मण्डावर में जनसेवा केंद्र पर कार्य करने हेतु एक कुशल युवती की आवश्यकता है, जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो।
सम्पर्क करें-
मो. 7017804220

**आवश्यकता है**

बैंगलोर की एक कम्पनी में मार्केटिंग के लिए 10 लड़कों की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता इंटर पास। ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य। आयु 18 से 40 वर्ष।
मोबाइल न.
9758220768

गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।
खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476


# राम मंदिर और आसपास के क्षेत्र में अब नॉनवेज की नहीं होगी डिलीवरी

**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** यूपी के अयोध्या में राम मंदिर और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग की परिधि के भीतर नॉनवेज खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रशासन ने पूरी तरह से रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध अब केवल होटल, ढाबे और दुकानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ऑनलाइन खाना डिलीवरी करने वाली कंपनियों पर भी लागू होगा। प्रशासन ने इस संबंध में होटल संचालकों, दुकानदारों, गेस्ट हाउस, होम-स्टे और ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनियों को आदेश से अवगत करा दिया है। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने बताया कि राम मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्रों में नॉनवेज की बिक्री पर पहले से ही प्रतिबंध है। लेकिन कुछ होटल, गेस्ट हाउस और होम-स्टे इसका पालन नहीं कर रहे थे। शिकायतें मिली थीं कि पर्यटकों को ऑनलाइन माध्यम से नॉनवेज भोजन मंगाकर परोसा जा रहा है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने अब राम मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में ऑनलाइन नॉनवेज डिलीवरी पर भी रोक लगा दी है। सभी संबंधित प्रतिष्ठानों और ऑनलाइन डिलीवरी कंपनियों को इस आदेश की जानकारी दे दी गई है। प्रशासन इस आदेश का सख्ती से पालन कराएगा, नियमित मॉनीटरिंग की जाएगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# उत्तर प्रदेश में एसआईआर ने बढ़ाया बीजेपी का सिरदर्द

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के एसआईआर में शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कटने के बाद बीजेपी मिशन मोड में आ गई है। सूत्रों की मानें तो बीजेपी आलाकमान ने ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष और यूपी से राज्य सभा सांसद के. लक्ष्मण को तैनात कर दिया है। साथ ही, हर दिन बूथ वार रिपोर्ट केंद्रीय बीजेपी को भेजने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट में यह बताना होगा कि नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरवाने के अभियान में क्या प्रगति हुई है। मंगलवार को चुनाव आयोग की ओर से ड्राफ्ट वोटर लिस्ट आने के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। यूपी में 2.89 करोड़ नाम काट दिए गए, जो देश के 12 राज्यों में सर्वाधिक है। दूसरे चरण के तहत इन 12 राज्यों में एसआईआर हो रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन मंत्री धर्मपाल ने नेताओं के साथ वर्चुअल बैठक की थी, जिसमें सभी सांसद, विधायक, एमएलसी, मंत्री, संगठन के नेता और जिला अध्यक्ष शामिल थे। गुरुवार को भी प्रदेश संगठन की बैठक हुई, जिसमें मौजूदा हालात को बेहद गंभीर बताया गया है। इस बैठक में के. लक्ष्मण और प्रदेश के संगठन महासचिव धर्मपाल मौजूद थे।




Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor